# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 279, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 297 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 297 अंक की गिरावट के साथ 82,029 .98 अंक पर बंद हुआ। } 10

## ऑपरेशन महादेव में सुरक्षा बलों ने की सटीक कार्रवाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी समूहों के मुख्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों व लॉन्च पैड्स को तबाह कर दिया गया। } 12



# हरियाणा में अब एएसआई ने की आत्महत्या

### सुसाइड नोट में दिवंगत अधिकारी पूरन कुमार पर लगाये गंभीर आरोप

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक ने मंगलवार को रोहतक जिले में कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के दिवंगत अधिकारी वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए छह मिनट का एक कथित वीडियो और तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ा है।

वीडियो और सुसाइड नोट की सत्यता की तुरंत पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि एएसआई संदीप कुमार ने पूरन कुमार के सहयोगी और हेड कांस्टेबल सुशील कुमार की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। पूरन कुमार रोहतक जिले में महानिरीक्षक रहे थे और पिछले हफ्ते चंडीगढ़ स्थित अपने घर में मृत पाये गये थे। साइबर प्रकोष्ठ में तैनात एएसआई का शव रोहतक के लाढौत-धामर रोड स्थित उनके घर से बरामद किया गया। आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार के आत्महत्या के मामले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच संदीप कुमार की कथित आत्महत्या का मामला सामने आया है। पूरन कुमार ने एक कथित सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया सहित आठ अधिकारियों पर जाति-आधारित भेदभाव, लक्षित मानसिक उत्पीड़न, और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का आरोप लगाया गया था। सरकार ने पुलिस महानिदेशक को छुट्टी पर भेज दिया जबकि बिजारणिया का तबादला कर दिया गया। पुलिस ने अब तक संदीप कुमार के नोट या वीडियो पर आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।



एएसआई संदीप कुमार



दिवंगत अफसर पूरन कुमार

रोहतक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फोन पर बताया, संदीप ने खुद को गोली मार ली। रोहतक के पुलिस अधीक्षक एसएस भोरिया ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया, एएसआई संदीप हमारे विभाग में बहुत मेहनती और ईमानदार व्यक्ति थे। हमें सूचना मिली थी कि एक शव मिला है, जिसके बाद हम यहां पहुंचे। उन्होंने वीडियो और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जैसलमेर : चलती बस में लगी आग, 12 की मौत

### 16 यात्री गंभीर रूप से झुलसे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया

एजेंसी



जयपुर। जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसे में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत करीब 16 यात्री झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में प्रथम दृष्टया करीब 10 से 12 लोगों के जिंदा जल जाने की आशंका है।

जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कलेक्टर एसपी से फोन पर बात करके पीड़ितों को हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दुखद घटना पर लगातार फीडबैक ले रहे हैं। सी एम भजनलाल शर्मा जैसलमेर के लिए रवाना हो गए हैं। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि लोगों को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जैसलमेर से ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### घाटी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी। दोनों पक्षों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस की विशिष्ट खुफिया जानकारी और सूत्रों व एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर संभावित घुसपैठ के प्रयास के संबंध में 13 अक्टूबर 2025 को कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। पोस्ट में कहा गया है, सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

### धोखाधड़ी मामले में जिला जेल अधीक्षक निलंबित

लखनऊ/आजमगढ़। आजमगढ़ में जेल अधिकारी के जाली हस्ताक्षर कर सरकारी कोष को नुकसान पहुंचाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद आजमगढ़ जिला जेल के अधीक्षक आदित्य कुमार को लापरवाही बरतने के इल्जाम में निलंबित कर दिया गया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि आजमगढ़ जिला जेल के अधीक्षक आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वित्तीय अनियमितताओं और अपने आधिकारिक कर्तव्यों का उचित निर्वहन न करने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। अपर कारागार महानिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने एक बयान में कहा कि जनवरी 2024 से 10 अक्टूबर 2025 के बीच विभिन्न चेकों के माध्यम से आजमगढ़ जिला जेल के बैंक खाते से अवैध रूप से धनराशि निकाली गई।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- दीपावली व छठ पर्व पर चलेंगी अतिरिक्त बसें (पृष्ठ–02)
- तकनीकी से देश को उन्नत बनायें : आनंदीबेन (पृष्ठ–02)
- रुपया 12 पैसे टूटकर 88.80 प्रति डॉलर स्तर पर (पृष्ठ–12)
- थोक मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर 0.13% (पृष्ठ–12)
- सोना 1.3 लाख रुपये के नए उच्चतम स्तर पर (पृष्ठ–12)


# 14.82 लाख राज्य कर्मियों को मिलेगा बोनस

### प्रदेश की तरक्की में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अहम : योगी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर राज्य सरकार के कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए बोनस की मंजूरी दी गई है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 रूपये के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आकलन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे और राज्य सरकार पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ रूपये आएगा।

## करोड़ों माताओं और बहनों को योगी सरकार का दिवाली गिफ्ट

- मुख्यमंत्री योगी आज देंगे निशुल्क सिलेंडर का उपहार
- 1.86 करोड़ लाभार्थियों को मिलेंगे दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर

लखनऊ। प्रदेश सरकार दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल का तोहफा देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। यह कदम राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत वह गरीबों, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ ईंधन और आर्थिक संबल देने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत मई 2016 में की गई थी। राज्य सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रति वर्ष दो निःशुल्क एलपीजी रिफिल देने का निर्णय लिया है। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक और दूसरा चरण जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है। पहले चरण में आधार प्रमाणित लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 1.23 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों का आधार प्रमाणन पूरा हो चुका है। योजनान्तर्गत तीनों ऑयल कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के माध्यम से यह वितरण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बहराइच : अवैध कफ सिरप व दर्द निवारक कैप्सूल बरामद

बहराइच। जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध रूप से रखी कोडीन युक्त कफ सिरप तथा दर्द निवारक कैप्सूल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

राज्य के औषधि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बरामदगी स्थल पर विधायक लिखे सचिवालय पास लगी एक लग्जरी कार को खुलवाया गया तो उसमें से भी दवाओं का जखीरा मिला। देवीपाटन मंडल के सहायक औषधि आयुक्त मुकेश जैन ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के औषधि प्रशासन आयुक्त कार्यालय से हमें सूचना मिली थी कि बहराइच के मोहम्मद अली और मोहम्मद आफताब के स्वामित्व वाली रायल फार्मा नामक साझेदारी फर्म ने कोडीन युक्त कफ सिरप की 10 हजार शीशियां खरीदी हैं। जैन ने बताया कि बहराइच, श्रावस्ती और गोंडा के दवा निरीक्षकों की टीम बनाकर सोमवार शाम को स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। जिस पते पर रायल फार्मा का लाइसेंस था, वहां उनका कारोबार नहीं होता मिला। पूछताछ में मालूम हुआ कि रायल ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मंगोलिया के विकास में भारत दृढ़ साझेदार : मोदी

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ की व्यापक बातचीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ व्यापक वार्ता के बाद मंगलवार को कहा कि मंगोलिया के विकास में भारत एक विश्वसनीय साझेदार रहा है और दोनों देश एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं।

उखना सोमवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उखना के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि भारत मंगोलिया के लोगों को मुफ्त ई-वीजा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा, भारत की 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर की ज ण सहायता से कार्यान्वित तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को नयी मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास साझेदारी परियोजना है और 2500 से भी अधिक भारतीय पेशेवर मंगोलिया के साथियों के साथ मिलकर इस परियोजना को साकार कर रहें हैं। मोदी ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ साझेदार के रूप में खड़े हैं और एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। साथ मिलकर, हम वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने के लिए भी काम करते हैं। वहीं, मंगोलिया के राष्ट्रपति ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका की सराहना की तथा विशेष रूप से नयी दिल्ली के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का उल्लेख किया। अपने मीडिया वक्तव्य में मोदी ने यह भी कहा कि भारत और मंगोलिया के बीच संबंध महज कूटनीतिक संबंध से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा, यह एक गहरा, आत्मीय और आध्यात्मिक बंधन है। हमारी साझेदारी की गहराई और दायरा हमारे लोगों के बीच संबंधों में परिलक्षित ...शेष पृष्ठ 10 पर

# उत्तराखण्ड : 26 हजार को मिली सरकारी नौकरी

### नवनियुक्त युवा कर्तव्य, निष्ठा, पारदर्शिता को बनायें जीवन का मूल मंत्र : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्रित्व काल में नये रिकॉर्ड स्थापित करते हुए मात्र चार वर्षों के अल्पकाल में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई। यह आंकड़ा राज्य के गठन के बाद से अब तक पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दी गई नौकरियों की संख्या से दोगुना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी देहरादून में आयोजित एक भव्य समारोह में 1456 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 109 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी तथा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1347 सहायक अध्यापक (एल.टी.) शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि वे कर्तव्य, निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पणको अपने जीवन का ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** कई देश अपने खुद के मानदंड बनाना चाहते हैं और अगली सदी में स्थापित करना चाहते हैं वर्चस्व

# अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ा रहे कुछ देश : राजनाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि कुछ देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं, जबकि कई अन्य देश अपने खुद के मानदंड बनाना चाहते हैं और अगली सदी में वर्चस्व स्थापित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत पुरानी पड़ चुकी अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखने में मजबूती से खड़ा है। रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों के लिए सैनिक भेजने वाले देशों के सैन्य प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन देशों का नाम नहीं लिया जो वैश्विक मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं या अपने नए मानदंड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। सिंह ने कहा आज की परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए हमें एक सुधार वाले बहुपक्षवाद की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा हमारा योगदान बलिदान के बिना नहीं रहा है।

180 से ज्यादा भारतीय शांति सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा भाव मानव जाति की सामूहिक अंतरात्मा में अंकित है। सिंह ने कहा कि पिछले कई दशकों में लगभग 2,90,000 भारतीय कर्मियों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सेवा दी है। उन्होंने कहा, कांगो और कोरिया से लेकर दक्षिण सूडान और लेबनान तक, हमारे सैनिक, पुलिस और चिकित्सा पेशेवर कमजोर लोगों की रक्षा करने और समाज के पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा विश्व को कभी भी हमारी जरूरत पड़ी तो हम मजबूती से खड़े रहेंगे।

# लखनऊ : बाइक की मवेशी से टक्कर पटाखों की बोरी में धमाका, 2 की मौत

विशेष संवाददाता

गोसाईगंज /लखनऊ। गोसाईगंज के मलौली गांव में मंगलवार की दोपहर बाइक पर पटाखे फट जाने से जीजा साले की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

धमाके का शोर इतनी तेज था कि आसपास के दुकानदार डर गए। मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे मलौली गांव के पास पटेल ट्रेडर्स के सामने हादसा हुआ। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मातन टोला गोसाईगंज कस्बे के रहने वाले मोहम्मद अहमद (35) अपने साले साले सोहेल (22) निवासी जनगाव थाना अतरौली के साथ मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स पर सवार होकर गोसाईगंज से मलौली की तरफ जा रहे थे। रास्ते मे अचानक एक मवेशी से टक्कर हुई, पटाखे फटे, धुंआ छा गया। जिसमें मौके पर ही अहमद की मौत हो गई। वही उसके साले सोहेल को घायल अवस्था में सीएचसी गोसाईगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में मवेशी की भी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज एसीपी गोसाईगंज ऋषभ रूढ़वाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नये सिरे से तय होगा बाह्य विकास शुल्क

## आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक और कृषि भूमि उपयोग की बदलेंगी दरें

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार भूमि क्षेत्र और उपयोग के आधार पर वाह्य विकास शुल्क नए सिरे से तय करने पर विचार कर रही है। शहरी सीमा के अंदर और बाहर भूमि के लिए अलग-अलग शुल्क की दरों में अंतर होगा। शहर के अंदर अधिक और शहर के बाहर कम होगा। कृषि एवं औद्योगिक उपयोग की भूमि पर बाह्य विकास शुल्क, आवासीय और व्यावसायिक की तुलना में कम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आवास विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक 'शहरी पुनर्विकास नीति' की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति

- **शहरी पुनर्विकास नीति में आधुनिकता, परंपरा और मानवता का होगा संतुलित समन्वय: योगी**

आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा कि नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव

- **हर परियोजना में जनहित सर्वोपरि, प्रभावित परिवारों की आजीविका की होगी पूर्ण सुरक्षा**

न पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली तथा पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए। नीति में सेवानिवृत्त सरकारी आवासों, पुरानी हाउसिंग सोसाइटियों तथा अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति का मसौदा जनप्रतिनिधियों, नगर निकायों और आम नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर अंतिम रूप से तैयार किया जाए और शीघ्र मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में विकास प्राधिकरणों की .ओर से लिए जाने वाले बाह्य विकास शुल्क पर भी चर्चा हुई मुख्यमंत्री ने बाह्य विकास शुल्क को व्यावहारिक और जनहित के अनुरूप बनाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी प्रकार के भूमि उपयोग आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक और कृषि पर समान शुल्क दरें लागू हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नई व्यवस्था में स्थान और भूमि उपयोग के आधार पर शुल्क दरों में अंतर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि एवं औद्योगिक उपयोग की भूमि पर बाह्य विकास शुल्क, आवासीय और व्यावसायिक उपयोग की तुलना में कम होना चाहिए।

# पंचायतें ग्रामीण विकास की आत्मा : सीएम योगी

## जिला पंचायतों में सिविल इंजीनियर और आर्किटेक्ट की तैनाती के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मंगलवार को पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं यूजर चार्ज संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचारों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों

- **ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलकर दी जाएगी नागरिक सुविधा**

की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले और मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो। बैठक में यह भी बताया गया कि पंचायती राज विभाग की ओर से तालाबों/पोखरों की सूचीकरण और उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत के अधीन तालाबों/पोखरों का समयबद्ध पट्टा किया जाए और इनसे प्राप्त राशि को हर घर नल, जल संरक्षण तथा ग्राम्य हित के कार्यों में ही उपयोग किया जाए। उन्होंने इस हेतु एक स्पष्ट नियमावली तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल सेवा वितरण और जनसुविधा संचालन के विषय में प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से परहेज करें : डीआरएम

**लखनऊ ।** भारतीय रेल द्वारा 01 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न स्टेशनों पर नो सिंगल यूज प्लास्टिक यूज दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मंडल के स्टेशनों पर प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों के रखरखाव/कार्य की समीक्षा की गई। यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के निषेध हेतु जागरूक किया गया। वेंडर्स को खानपान स्टॉल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया गया। स्टेशन पर उत्पन्न प्लास्टिक कचरे का आकलन किया गया तथा उचित स्थान पर डिस्पोजल कराया गया। रेलवे स्टेशनों पर एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर स्टालों पर जुमार्ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

- **रेलवे स्टेशनों पर मनाया गया विशेष स्वच्छता अभियान**

इस अभियान में स्टेशनों पर यात्रियों को कपड़े के बने थैले वितरित किये गये। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से पर्यावरण संरक्षण की ओर हम सबको कदम बढ़ाना होगा। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का अंधाधुंध प्रयोग सबसे बड़ा कारण है। सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल वर्तमान में प्रदूषण का कारण बनता है बल्कि अगले कई सौ सालों तक इसका दुष्प्रभाव रहता है। इसलिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से परहेज करना चाहिए।

मण्डल में आम जनमानस में सफाई संबंधी जागरुकता के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों तथा रेलवे परिसरों में गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान को यात्री जनों एवं आम जनमानस तक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से संदेश पहुँचाया जा रहा है।

# मौलाना कल्बे जवाद पर हमले की कांग्रेस ने किया निंदा

**लखनऊ।** सोमवार को शिया संपत्तियों पर अवैध कब्जे को रोकने पहुंचे शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद पर दबंगों द्वारा हमला किया गया। घटना के एक घंटे बाद पर पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची।

उक्त प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलिस का नहीं बल्कि अपराधियों का राज्य चल रहा है। अपराधियों के दुसाहस इतना बढ़ चुका है कि वह किसी पर भी हमला करने से हिचकते नहीं है। श्री राय ने कहा कि मौलाना कल्बे जवाद साहब समाज के बहुत ही प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और शिया समुदाय के धर्मगुरु हैं, यह सब जानते हुए भी अवैध कब्जा करने पहुंचे दबंगों ने उन पर हमला किया जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है और अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

# भाजपा ने नदियों की सफाई के लिए कोई काम नहीं किया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा समाज में नफरत फैलाती है, विघटन पैदा करती है। भाजपा से सभी लोगों को सावधान रहना है। उत्तर प्रदेश में अपराधियों से प्रशासन की सांठ-गांठ है। प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा सब कुछ बर्बाद है। भाजपा सरकार में जातीय उत्पीड़न और भेदभाव चरम पर है। बीजेपी बहुत बड़ी जातिवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं एवं नेताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को तबाह करने पर तुले हैं। प्रदेश में गोमती नदी समेत अन्य नदियों की दुर्दशा के लिए मुख्यमंत्री खुद जिम्मेदार है। इस सरकार ने नदियों की सफाई के लिए कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में हमने गोमती नदी पर सबसे सुंदर रिवर फ्रंट बनाया। गोमती नदी की सफाई की व्यवस्था की गई, लेकिन भाजपा सरकार ने सब खराब कर दिया है। अब इस सरकार की चला-चली के बेला है तो मुख्यमंत्री गोमती नदी की सफाई को लेकर ढोंग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध और दलित उत्पीड़न सबसे ज्यादा हो रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार तमाम फर्जी एनकाउंटर कर रही है लेकिन उसके बाद भी कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। कानून व्यवस्था में सुधार एनकाउंटर करने से नहीं फील्ड में अच्छे अधिकारियों की तैनाती से होता है। जब सरकार जातीय आधार पर अपने सजातीय लोगों की ही तैनाती करेगी तो कानून व्यवस्था में कैसे सुधार होगा? इस सरकार में महिलाएं बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में हर दिन बलात्कार, हत्या, लूट की घटनाएं हो रही है। समाजवादी सरकार में बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा के लिए 1090 वीमेन पावर लाइन सेवा चलायी गयी थी। 1090 सेवा की सराहना सुप्रीम कोर्ट ने भी की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार रहते किसी को न्याय नहीं मिल सकता। उत्तर प्रदेश के भविष्य के लिए भाजपा सरकार को हटाना आवश्यक है। इस सरकार को हटाए बिना जनता का भला नहीं होने वाला है। भाजपा सरकार में गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा है।

# अयोध्या धाम जंक्शन पर वात्सल्य कक्ष/बेबी फीडिंग रूम का शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के अयोध्या धाम जंक्शन पर वात्सल्य कक्ष ( बेबी फीडिंग रूम ) का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। यह सुविधा माताओं एवं शिशुओं के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस वात्सल्यकक्ष में माताओं के लिए गोपनीयता एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। कमरे में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि माताएँ अपने शिशुओं की देखभाल सहजता से कर सकें। भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह पहल की गई है। अयोध्या धाम जंक्शन, जो कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र है, पर इस प्रकार की सुविधा यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

# दीपावली व छठ पर्व पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, भैयादूज और छठ जैसे प्रमुख पर्वों पर प्रदेशवासियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में 18 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक प्रोत्साहन अवधि घोषित करते हुए अधिकारियों को अधिकतम बस संचालन और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दयाशंकर सिंह ने कहा कि पर्वों पर यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल के लाखों लोगों का घर वापसी सफर बिना किसी असुविधा के पूरा हो, यह सरकार की प्राथमिकता है। परिवहन मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अवधि में सभी निगम बसें शत-प्रतिशत ऑनरोड रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनफिट बसों का

- **18 से 30 अक्टूबर तक प्रोत्साहन अवधि घोषित, अधिकतम बस संचालन और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश**
- **दिल्ली से पूर्वी यूपी के यात्रियों के लिए लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलेंगी**

संचालन नहीं किया जाएगा। बसों की असेम्बली, स्पेयर पार्ट्स और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, डिजिटल समय सारिणी और सहायता केंद्रों की व्यवस्था की जाए। प्रोत्साहन अवधि में कार्यरत चालकों, परिचालकों और कर्मचारियों के लिए सरकार ने आर्थिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि जो चालक/परिचालक 12 दिन ड्यूटी करते हुए औसतन 300 किमी प्रतिदिन का संचालन करेंगे, उन्हें 400 प्रतिदिन की दर से 4800 प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# आरडीएसओ करेगा 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी में भागीदारी

## भारतीय रेल के भविष्य को आकार देने वाले नवाचारों का होगा दर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन ( आरडीएसओ ), 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी ( आईआरईई 2025 )में भाग ले रहा है, जो15 से 17 अक्टूबर तक भारत मंडपम, नई दिल्लीमें आयोजित की जाएगी।

यह आयोजनभारतीय उद्योग परिसंघ ( सीआईआई )द्वारारेल मंत्रालयके सहयोग से किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा रेल परिवहन प्रदर्शनी मंच है, जो विश्वभर के रेल प्रौद्योगिकी अग्रणी संस्थानों, नीति-निर्माताओं और उद्योग नवाचारकताओं को एक ही छत के नीचे एकत्र करता है। इस वर्ष के संस्करण में 250 से अधिक प्रदर्शकभाग ले रहे हैं, जिनमेंभारतके अलावाऑस्ट्रिया, चीन, चेक गणराज्य, फ्रांस, जर्मनी, जापान, कोरिया, रूस, स्विट्जरलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित एक दर्जन से अधिक देशों की भागीदारी होगी। इस दौरान5,000 से अधिक व्यावसायिक आगंतुक, जिनमें वरिष्ठ निर्णयकर्ता, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और निवेशक शामिल हैं, प्रदर्शनी का हिस्सा बनेंगे। आईआरईई 2025 में आरडीएसओ अपने समर्पित स्टॉल के माध्यम से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और विस्तार से जुड़ीनवीनतम प्रौद्योगिकियों, अनुसंधान पहलों और नवाचारोंका प्रदर्शन करेगा।

आरडीएसओ की भागीदारी का उद्देश्य न केवल अपनी अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को प्रदर्शित करना है, बल्कि उद्योग साझेदारों और संभावित आपूर्तिकताओं के साथ सहयोग को बढ़ावा देकरभारतीय रेल के विक्रेता आधार ( वेंडर बेस )का विस्तार करना भी है। इस पहल से नई प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, निमार्ताओं और स्टार्ट-अप्स को भारत के बढ़ते रेल पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी के साथ-साथ, आरडीएसओअंतर्राष्ट्रीय रेल सम्मेलन ( आईआरसी 2025 )में भी भाग लेगा, जिसमेंनिर्माण एवं स्वदेशीकरण, माल एवं लॉजिस्टिक्स, और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षाजैसे विषयों पर उच्च-स्तरीय चचाएं होंगी – जो भारतीय रेल के भविष्य को दिशा देने वाले प्रमुख स्तंभ हैं। आईआरईई 2025वैश्विक रेल समुदाय के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है, जहां वे आरडीएसओ के साथ मिलकरसहयोग, सह-विकास और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदानके अवसरों का अन्वेषण कर सकते हैं, जिससे भारत के रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को नई गति मिलेगी।

# यूपी में 'काऊ टूरिज्म' की संभावनाएं तलशेगी सरकार, आत्मनिर्भर बनेंगी गौशाला

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। प्रदेश की सभी गोशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से तय किया है कि प्रत्येक जनपद में एक आदर्श गोशाला स्थापित की जाएगी, जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत 'काऊ टूरिज्म' की संभावनाओं को भी तलाशा जाएगा, जिससे गौशालाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकें बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार और आय का साधन उपलब्ध हो सके। सरकार की मंशा है कि गाय से प्राप्त पदार्थों, गोबर, गोमूत्र, दूध, घी और मूत्रजनित उत्पादों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देकर राज्य की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस दिशा में महिला स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर गोबर से बने उत्पादों का उत्पादन और विपणन किया जा सके। इसके तहत सरकार ने निर्देश दिए हैं कि दीपावली पर्व पर गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों और अन्य उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए और इनके प्रचार-प्रसार के लिए जनमानस में जागरूकता अभियान चलाया जाए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के अनुसार दीपावली के अवसर पर गोबर से बने दीप, मूर्तियां और सजावटी सामग्री के उपयोग को लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

# बेटे-बेटियों को पढ़ना और आगे बढ़ना होगा, तकनीकी से देश को उन्नत बनायें : आनंदीबेन पटेल

## भाषा विश्वविद्यालय: 10वें दीक्षांत समारोह में मिले 146 पदक, छात्रों में दिखी उत्साह और उमंग की लहर, छात्राओं को मिले सबसे ज्यादा 99 पदक

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। सीतापुर हरदोई रोड स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो॰अजय तनेजा के मार्गदर्शन में 10वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। समारोह की शुरूआत शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई जिसका नेतृत्व कुलसचिव, डॉ महेश कुमार ने किया। शोभा यात्रा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम प्रस्तुत किया। जिसके उपरांत कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कुलपति। प्रो अजय तनेजा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पुष्प भेंट किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में पद्म श्री मुजफ्फर अली, फि ल्म निर्माता, फैशन डिजाइनर, कवि और कलाकार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं रजनी तिवारी राज्य मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

समारोह में स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने 10वें दीक्षांत में आए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन से भाषा विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर रहें है जिससे विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहें हैं। वहीं उनके द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या भी प्रस्तुत की गई। कुलपति ने बताया कि विवि में इस वर्ष टीबी के 75 रोगियों को गोद लिया गया। इस साल स्नातक, परास्नातक और पीएचडी के कुल 1441 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें 1393 को सफल घोषित किया गया। छात्राओं का पास प्रतिशत 97.4 और छात्रों का 96.8 फीसदी रहा। इस साल समारोह में कुल 146 पदक प्रदान किए गए हैं। इनमें 63 स्वर्ण पदक, 42 रजत पदक और 41 कांस्य पदक हैं। इनमें 99 पदक छात्राओं के हिस्से गए हैं।

राज्यपाल ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि यह दिन विश्वविद्यालय के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फर अली ने फिल्मों का मनोरंजन के साथ ही समाज के चित्रण के रूप में उपयोग किया। फिल्म जगत के कुछ कोर्स रखने चाहिए जिससे कि छात्र वहां जा सकें। मुख्य अतिथि से उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि आप गुजरात से हैं और उस क्षेत्र से हैं जहां की मैं दो बार विधायक रही। आज सभी विश्विद्यालय ने डिजी लॉकर की सुविधा है। इससे सभी घर बैठे डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। आज 99 पदक बेटों के हिस्से आईं। बेटे बेटियों दोनों को पढ़ना और बढ़ना होगा। तकनीक का सहारा लेकर आगे बढ़ें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लोग आगे बढ़ रहे हैं। इसका उपयोग सावधानी से करें। शोध में इसका इस्तेमाल न करें न कि किसी की फोटो लेकर उसके साथ खिलवाड़ करें। पहले महिला को पहले कमजोर माना जाता था। पढ़ाई में बाधाएं थीं। शादी करने और घर में रहने का दबाव था। आज बेटियां सब करते हुए आगे बढ़ रहीं हैं। युवा पीढ़ी को इसके लिए बधाई। माता पिता को पूछना चाहिए कि बच्चे क्या करना चाहते हैं। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को सजग, जिम्मेदार, कर्मठ और देशप्रेम की भावना पैदा करना है। प्राचीन समय से शिक्षा पूर्ण होने पर गुरु समारोह में विद्यार्थी को संदेश देता था। इसी का आधुनिक रूप दीक्षांत हैं। आज यह परंपरा दूषित हो रही है। शिक्षक और शिष्य एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। क्लास में शिष्यों की कम संख्या हमारी परंपरा नहीं है। इसलिए कड़े नियम बनाएं हैं। अगर उपस्तिथि 75 फीसदी होने पर ही परीक्षा में बैठ सकेंगे। सरकारी नौकरी तलाशना हमारा काम नहीं है। हमें दस को नौकरी देने लायक बनना चाहिए। अभिभावक भी ध्यान दें। अगर बच्चे नहीं आ रहे तो उनके घर पर फोन करें। अनुशासन जरूरी है। शिक्षकों से कहा कि वे भी अनुशासन का पालन करें। अब तक की परीक्षा में सबने एक ही परीक्षा दी, लेकिन जब आप जीवन की वास्तविक यात्रा पर जाएंगे तो परीक्षा और सवाल अलग होंगे। वहीं से आपकी असली परीक्षा शुरू होगी। इनके लिए ध्यान के साथ ही विवेक चाहिए। विवेक ही व्यक्ति को समस्या से निपटने लायक बनाता है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को जाग्रत करना है। उन्होंने कुलपति से कहा कि नैक में बी प्लस प्लस ग्रेड पर्याप्त नहीं है। दो साल में दोबारा आवेदन करके ए या ए प्लस प्लस ग्रेड लाने के लिए कहा। एनआईआरएफ में भी आवेदन करें।

दशम दीक्षांत समारोह में प्रो सौबान सईद, डॉ अताउर रहमान, डॉ नलिनी मिश्रा और डॉ शावेज अली सिद्दीकी को राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में अल्लूनगर गांव के विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. नीरज शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक विकास, प्रो चन्दना डे, प्रो मसूद आलम, प्रो हैदर अली, प्रो तनवीर खदीजा, डॉ. आरिफ अब्बास, डॉ काजिम रिजवी सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी। इस साल विवि ने अपना एनसीसी बैंड शुरू किया है। दीक्षांत समारोह में इसी बैंड ने राज्यपाल और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस साल विश्विद्यालय में दाखिलों की स्थिति अच्छी रही और रिकॉर्ड 2440 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया जो पिछले साल से 750 अधिक रहे। इस समय विश्वविद्यालय में 5400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां 21 राज्य और छह धर्मों के विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। इसी के साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा अवधी शोधपीठ और आईकेएस के माध्यम से अवध क्षेत्र की लोकसंस्कृति और भाषा के विकास के लिये कार्य किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के दौरान कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभी उपाधियां डिजी लॉकर पर अपलोड कीं। समारोह के दौरान अल्लू नगर डिगुरिया के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित कार्यक्रम पेश किया।

मुख्य अतिथि फिल्मकार मुजफ्फर अली ने दीक्षांत भाषण देते हुए कहा कि गर्व महसूस कर रहा हूं कि ऐसे विश्विद्यालय में बुलाया गया है जो ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती के नाम पर है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के लिए दो चीजें अहम हैं संतुलन और मानवता। इन दो के बिना पढ़ाई बेकार है। भाषा बेहद अहम हैं। भाषा एक जमाने से दूसरे जमाने को जोड़ती है। यह एक समाज और एक व्यक्ति को दूसरे से जोड़ती है। अपने देश में काफी भाषाएं बोली जाती हैं। दूसरे देश में जाते हैं तो वहां दूसरी भाषाएं बोली जाती हैं। वहां हम दिल की भाषा से जोड़ सकते हैं। अपने बारे में बात करते उन्होंने कहा कि हम फनकार हैं दिल की जबान समझते हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक ' जिक्र ' की चर्चा करते हुए कहा कि उनमें लोगों से मुलाकात के दौरान निकलकर आई बातें और उनकी विशेषता की चर्चा है। हमें हर शख्स में कुछ न कुछ दिखाई देता है। हम कैसे उनकी विशेषता को निकाल सकते हैं। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि आपके सामने आपका भविष्य है। एक लक्ष्य है विकसित भारत का, जिसे आप पूरा करने का प्रयास करें।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने पदक और डिग्री प्राप्तकताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी होगी, आप उससे पीछे न हटें। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने भाषण में कहा कि महान संत के नाम पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि आप की सफलता सिर्फ आपकी नहीं है। आपके माता पिता ने त्याग और संघर्ष करके यहां तक पहुंचाया है। उन्होंने आपके कल के लिए अपना आज होम किया है। आपको मेडल मिले हैं आप अब समाज के लिए मॉडल बनें।

संक्षेप

## राज्य महिला आयोग की सदस्य आएंगी श्रावस्ती



श्रावस्ती। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्याएं डॉ. प्रियंका मौर्या एवं अंजु प्रजापति 16 अक्टूबर 2025 को जनपद श्रावस्ती के एक दिवसीय दौरे पर आएंगी। उन्होंने बताया कि दोनों सदस्याएं महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा महिला जनसुनवाई, समीक्षा एवं निरीक्षण के उद्देश्य से जनपद का भ्रमण करेंगी। यह कार्यक्रम 16 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं सदस्याओं के समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, डॉ. मौर्या एवं प्रजापति द्वारा ब्लॉक/तहसील स्तर पर पोषण पंचायत कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## आज विविधि कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे ननौती में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। दिन में सवा एक बजे सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में सवा तीन बजे सांगीपुर वार्ड में आयोजित श्रीमदभागवत कथा एवं सवा तीन बजे जलेशरगंज रोड पर हो रही सामूहिक श्रीराम कथा में भी शामिल होंगे। सायं साढ़े चार बजे वह वीरसिंहपुर गांव में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## दो पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। महिला के साथ मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव की आशा पत्नी रामकृपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह अक्टूबर को उसकी पुत्री ममता सरोज का मोबाइल स्विचआफ बता रहा था। इससे वह पुत्री की ससुराल टोडरपुर पहुंची। यहां पीड़िता को उसकी पुत्री ने बताया कि उसका मोबाइल मुकेश ने तोड़ दिया और मारापीटा। पीड़िता के पूछतांछ करने पर आरोपी मुकेश व रामकृपाल ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## युवक का शव फंदे से लटका मिला

सिद्धार्थनगर- जोगिया क्षेत्र में ग्राम पंचायत नगरा के टोला सिरसिया में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही जोगिया पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान शिवसागर के रूप में हुई है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंची। टीम ने रस्सी, कमरे और अन्य साक्ष्य एकत्रित कर अपने साथ ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शिवसागर अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। वह सिरसिया गांव के बाहर अपने खेत में बने मकान में अपनी पत्नी राधिका, दो बेटियों और विकलांग मां के साथ रहता था। कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीण शिवसागर की मौत के कारणों को लेकर हैरान हैं, क्योंकि उनका कहना है कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

## छात्रों को किया तम्बाकू से जागरूक

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (बांसी) बसंतपुर की तरफ से आरबीएसके टीम ने महामाया पॉलिटेक्निक कॉलेज बांसी में स्वास्थ्य जागरूकता तथा तंबाकू उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गत मंगलवार आरबीएसके टीम ने कॉलेज में तंबाकू उन्मूलन के प्रति छात्रों को जागरूक किया।

# मंडलायुक्त और डीआईजी ने किया छात्राओं से संवाद




**सिद्धार्थनगर।** मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश कुमार सिंह व डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्कूलों की छात्र छात्राओ/महिलाओं को जागरूक किया गया। छात्राओं / विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशील महिलाओं को सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। गत मंगलवार 14. अक्टूबरको मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर मे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत किया गया। पुलिस लाइन कार्यक्रम मे आमंत्रित जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं/शिक्षकों, उनके अभिभावकों व विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं से मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती ने संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो, हेल्पलाइन नंबरो 1090,181,112,1076,102,108 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें मिशन शक्ति फेज-5 का पम्पलेट प्रदान किया गया, तथा आमंत्रित छात्राओं /महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया भी किया गया। डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने बताया गया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किया गया है जहां पर जाकर कोई भी छात्रा/महिला अपनी समस्याओं को सुगमता से महिला कर्मी को बता सकेगी जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनकी समस्या का निराकरण किया जायेगा।

# डीएम के निर्देश पर पड़ा छापा, भरे गये खाद्य पदार्थों के नमूने



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर विकास खण्ड इकौना स्थित मिठाई निर्माण इकाइयों पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के नेतृत्व में निरीक्षण अभियान चलाया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधीर कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार यादव, इन्दल यादव एवं आदर्श प्रताप शामिल रहे। जांच के दौरान इकाइयों में अस्वच्छ एवं दूषित परिस्थितियों में रखे लगभग 05 कुंतल छेना रसगुल्ला, 55 लीटर दूध तथा 10 लीटर चासनी को तत्काल नष्ट कराया गया। टीम ने क्रीम, दूध एवं छेना रसगुल्ला के नमूने जांच हेतु संकलित किए। निरीक्षण के दौरान पाई गई स्वच्छता संबंधी कमियों पर सुधार सूचना जारी की गई तथा खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ और हाईजीनिक वातावरण में निर्माण एवं विक्रय करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## 2 वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने फौजदारी बाद संख्या - 2996/05 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहाना से सम्बंधित वारंटी महेश पुत्र रामरूप सा0 वसालतपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार करने में शामिल उ0नि0 अशोक कुमार मुख्य आरक्षी शमशाद अहमद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

## स्वयं सेवकों ने पथ संचलन कर राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश



प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लालगंज नगर में पथ संचलन का आयोजन हुआ। आरएसएस के स्वयंसेवकों ने नगर में भ्रमण करके राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण व स्वजागरण के प्रति संकल्प जताया। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन भी किया गया। मुख्यवक्ता ने कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवक देश सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका में रहते हैं। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, नगर संचालक संतोष, प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह, जिला प्रचारक सूरज, जिला कार्यवाह अजय, जिला सह कार्यवाह शिवम, विनोद कुमार मिश्र, देवेन्द्र सिंह काका, अधिवक्ता राजेश तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, मिथलेश जायसवाल, नागेश प्रताप सिंह, अनिल सिंह, रिंकू शुक्ल आदि रहे।

## हत्या कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में थाना इकौना पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना इकौना पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0-276/2025 धारा 103(1),115(2),352,351(3) बीएनएस में दर्ज हत्या/मारपीट के अभियोग में नामजद अभियुक्त श्यामू वर्मा उर्फ राकेश बर्मा, तुलसीराम बर्मा एवं तुलसीराम बर्मा की पुत्री, निवासीगण ग्राम महरौली, थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को इकौना-भिनगा बाईपास से गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध में वादी शिवाकान्त सिंह ने 13 अक्टूबर 2025 को थाना इकौना में तहरीर देकर बताया था कि विपक्षीगण ने उसके पिता के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और लाठी-डंडे से मारपीट की, जिससे पिता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि वादी को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और कम समय में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय, मुख्य आरक्षी धर्मपाल कुमार, आरक्षी मुकेश कुमार एवं महिला आरक्षी आरती शामिल रहे।

# श्रीराम नाम का जाप है संकट से मुक्ति का मार्ग: पं. कृष्णानंद



प्रतापगढ़। जलेशरगंज रोड पर हो रही सामूहिक श्रीराम कथा में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ भक्तिमय भाव में श्रीराम नाम संकीर्तन में मगन दिखी। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे पं. कृष्णानंद ओझा जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा जगत के सभी जीव पर निरन्तर रहा करती है। उन्होने कहा कि राम नाम के उच्चारण मात्र से जिहवा पवित्र हो जाया करती है। उन्होने कहा कि श्रीराम नाम का जाप करने वाला प्राणी दुख के समय भी धैर्य धारण की शक्ति रखता है। उन्होने कहा कि धर्म के सिद्धांत को सुनना सरल है।

उन्होने कहा कि धर्म को व्यवहारिक रूप से धारण करना एक कठिन साधना है। पं. कृष्णानंद ओझा जी ने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम जी ने धर्म को धारण करते हुए व्यवहारिक जीवन में भी धर्म के पथ पर अजेय रहने की साधना का मार्ग दिखलाया है। कथा के दौरान संगीतमयी भक्ति से ओतप्रोत भजनों पर श्रीराम भक्तों को मगन देखा गया। कथा विश्राम पर हुई भव्य आरती में श्रीराम दरबार का श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के साथ पूजन अर्चन भी किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सभासदों के साथ कथाव्यास पं. कृष्णानंद ओझा जी का माल्यार्पण कर सम्मान किया। संयोजक अजय सिंह बबलू, राजू सिंह, गिरीश मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

# स्वदेशी मेले में दी जैविक खेती की जानकारी



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जनपद के जूनियर हाईस्कूल भिनगा में चल रहे दस दिवसीय स्वदेशी मेले के छठे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों एवं आम जनमानस को आधुनिक कृषि तकनीक, फसलों की उन्नत किस्में तथा जैविक खेती के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने फसलों में लगने वाली बीमारियों, कीट नियंत्रण एवं उनके बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी के माध्यम से उपस्थित किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा सिंचाई के आधुनिक तरीकों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपनी जिज्ञासाएँ रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार, तकनीकी सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण एवं भारी संख्या में किसान व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मेले के दौरान स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों पर लोगों की विशेष भीड़ देखी गई।

# मेरठ की जिला पंचायत बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर भी नहीं हुई चर्चा

- **10 प्रस्ताव, मात्र 20 मिनट में कागज पर ही सिमट गई अनोखी बोर्ड बैठक**
- **सदस्य ने लगाए गंभीर आरोप, मीडिया के सामने रोया अपना दुखड़ा, जनता के साथ देंगे धरना**
- **सदस्य का आरोप, कई माह पूर्व टेंडर स्वीकृत होने के बावजूद नहीं दिया जा रहा वर्क आर्डर**
- **मेरठ मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन, नौचंदी ग्राउंड पर बनेगा भव्य कमर्शियल कंपलेक्स, दुकानों का होगा निर्माण**

मुकेश कुमार गुप्ता



मेरठ। मंगलवार को जिला पंचायत की बोर्ड बैठक मात्र 20 मिनट में ही सिमट गई और अपर मुख्य अधिकारी वीएस कुशवाहा द्वारा रखे गए 10 प्रस्ताव पर बिना किसी आपत्ति के सहमति दे दी गई, इस बोर्ड बैठक के बाद जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक अपना दर्द बयां करता रह गया लेकिन उसकी सुनने वाला बोर्ड बैठक में कोई उपस्थित ही नहीं था सब उठकर जा चुके थे या यह कहे कि जब बोर्ड बैठक समाप्त होने के कगार पर थी उस समय जिला पंचायत वार्ड 14 के सदस्य सम्राट मलिक विकास कार्यों को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराने की हिम्मत ही नहीं कर पाए जबकि जिला पंचायत की तरफ से दिए गए 10 प्रस्ताव के विचारणीय बिंदुओं पर जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक की तरफ से पत्र पर सहमति बताई गई है। आखिर बोर्ड बैठक खत्म होने के बाद ऐसा क्या हुआ जब जिला पंचायत वार्ड 14 के सदस्य सम्राट मलिक गुस्से में मीडिया के सामने आए और बोले विकास कार्यों के टेंडर पिछले कई माह से स्वीकृत हुए पड़े हैं लेकिन आज तक वर्क आर्डर नहीं दिया गया ऐसी स्थिति में वह जनता को क्या मुंह दिखाएंगे जबकि जनता ने जिताकर हमें यहां तक भेजा है जब उस क्षेत्र का विकास ही नहीं होगा तो जनता वोट क्यों देगी अपने इस दर्द को बयां करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें बोर्ड बैठक में बोलने का ही मौका नहीं दिया गया और कुछ मिनट में बोर्ड बैठक को खत्म कर दिया गया उन्होंने कहा कि वह अपने समर्थको के साथ जिला पंचायत पर धरना देंगे। उनके इस नाराजगी से जिला पंचायत सभागार में हड़कंप बच गया उधर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी अपने समर्थको के साथ अपने कार्यालय में बैठकर वार्ता करने में लग गए। उधर अधिकांश जिला पंचायत सदस्य भी जिला पंचायत सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक से ही मुंह लटका कर अपने-अपने घरों को वापस लौट गए।

# मन से भगवान के प्रति समर्पण ही सच्ची भक्ति: आचार्य देवव्रत




प्रतापगढ़। टोड़ी का पुरवा नौढ़िया में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। जाने माने कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी महराज ने कहा कि मन से भगवान के प्रति अनुराग रखना ही सच्ची भक्ति है। उन्होने कहा कि देवी रूक्मणी ने अधर्म को रोकने के लिए मन ही मन द्वारिकाधीश का जाप कर लिया। आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भगवान ने नारी के सम्मान और उसकी इच्छा के विरूद्ध होने वाले अत्याचार की हर परिस्थिति में रक्षा की। उन्होने कहा कि भगवान की लीला सदैव चरित्र प्रधान रही है। उन्होने बताया कि जिसने निर्मलता के साथ आराधना की साधना और संकल्प को पूरा किया वह हर लोक में भगवत कृपा से सुखदायी हुआ। कथा में भक्ति और तपस्या का सुन्दर चित्रण रखते हुए आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भक्ति का मार्ग सदैव नैतिकता के अलंकरण से चमकता है। उन्होने कहा कि वैराग्य का अर्थ जीवन को लोभ और प्रपंच तथा अविद्या के प्रकोप से मुक्त रखना है। आचार्य देवव्रत जी ने गोर्वधन पूजा का भी सार रखते हुए बताया कि भगवान ने अभिमान और अहंकार को भी कभी स्वीकार्य नहीं किया। रूक्मणी विवाह की मनोरम झांकी को देख श्रीराधे भक्त मंत्रमुग्ध दिखे।

## छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापक



सिद्धार्थनगर- इटवा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सहदेइया में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कक्षा-4 की छात्रा निशा गिरी को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अरुण विश्वकर्मा ने उन्हें शैक्षिक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानाध्यापक के तौर पर निशा गिरी ने सुबह की प्रार्थना सभा, योग और प्राणायाम जैसी गतिविधियों का क्रियान्वयन कराया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से मार्गदर्शन लेते हुए समय सारिणी के अनुसार कक्षाओं का संचालन भी शुरू करवाया। निशा ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया और स्वच्छता तथा पेड़-पौधों की देखभाल सुनिश्चित की। छात्रा निशा गिरी ने बताया कि प्रधानाध्यापक का दायित्व निभाने से उन्हें कई जिम्मेदारियों से परिचित होने का अवसर मिला। उन्होंने इस अनुभव को 'अच्छी अनुभूति' बताया। मिशन शक्ति के विजय कुमार ने कहा कि बेटियां समाज और राष्ट्र की मुख्य कड़ी हैं। उन्होंने बताया कि बालिका समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए प्रदेश व भारत सरकार बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा, चिकित्सा और पोषण प्रदान करने हेतु सकारात्मक पहल कर रही है। उन्होंने सभी से इस दिशा में अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिव मंगल, चौधरी, विजय श्री सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डॉन लेडी टीचर्स का साथी बना सिंघम जमकर चले लात -घूंसे

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी रोडवेज चौराहे पर डॉन लेडीटीचर्स का हाई प्रोफाइल ड्रामा वायरल हो रहा है लेडी टीचर्स के सहयोग में आए पुरुष ने सिंघम का रूप धारण कर किया जमकर मारपीट। ऐसे शिक्षकों को समाज तो अपनी नजरों से दूर करता ही है साथ ही विभाग को भी चाहिए इन्हें तत्काल टर्मिनेट करें जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो बताते चले मंगलवार की सुबह बासी रोडवेज चौराहे पर उस समय हंगामा मच गया जब प्रयागराज से स्वाति चटर्जी प्राथमिक विद्यालय सिसई खुर्द मिठवल, बांसी ब्लॉक की शिवानी वैश्य प्राथमिक विद्यालय उसकी, रुचि गुप्ता प्राथमिक विद्यालय धरहरा की शिक्षक लौट रही थी जैसे ही बस रोडवेज चौराहे पर पहुंची पहले से बांसी ब्लॉक के कथित शिक्षक साथी साहेब मजरूह अपने साथियों के साथ मौजूद रहे और जमकर मारपीट हुई तमाम सामाजिक लोगों ने इस हाई प्रोफाइल ड्रामा को देखकर शिक्षक कोसते हुए नजर आए वहां मौजूद लोगों का कहना है कि ऐसे शिक्षक बच्चों को कौन सा संस्कार और शिक्षा देंगे जिनके चरित्र और दबंगई इस तरीके से जाहिर हो ऐसे कुछ महिला शिक्षकों के नाते तमाम उन शिक्षकों को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है जो मयार्दा में रहकर बच्चों को नियमित बढ़ाने का कार्य करती हैं लोगों ने ऐसे शिक्षक को तत्काल टर्मिनेट करने की बात कही है लेकिन विभाग की न जाने ऐसी कौन सी मजबूरी है कि पूरे घटनाक्रम पर लीपा पोती करने को विवश है बताते चले इससे पूर्व भी बांसी रोडवेज पर कई बार बाहर से आने वाली बेखौफ महिला शिक्षकों के चलते हाई प्रोफाइल ड्रामा हो चुका है और मामला पुलिस तक पहुंच कर करवाई विहीन हो जाता है जिससे इन शिक्षकों में तनिक भर सामाजिक भय नहीं रह गया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्बंधित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि जूता मोजा ड्रेस की धनराशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया है अभिभावकों को से ड्रेस, जूता मोजा आदि खरीदने हेतु प्रेरित करें। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति ड्रेस, जूता मोजा में सुनिश्चित करायें। विद्यालयों में जो भी कम्पोजिट ग्राण्ट, स्पोटर्स ग्राण्ट, टीएलएम ग्राण्ट आदि प्राप्त/व्यय हुआ है एवं टीचिंग टाइम टेबल अंकित करायें। निपुण लक्ष्य के लिए जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करायें। विद्यालय में जो भी कमियां है उसे खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक करा ले। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूलों में एमडीएम सेड, टाइलिंग, छत मरम्मत, बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अलावा मिड-डे मील टीन शेड, का कार्य पूर्ण कराये। जर्जर विद्यालय के ध्वस्तीकरण हेतु कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेल में योग और ध्यान शिविर आरंभ



सिद्धार्थनगर- जिला कारागार में मंगलवार सुबह द आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से सात दिवसीय योग, ध्यान और प्राणायाम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बंदियों के मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण का विकास करना है। शिविर के पहले दिन जेल परिसर का वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक दिखाई दिया। प्रशिक्षकों ने बंदियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया। कुल 108 बंदियों ने पूरे उत्साह और मनोयोग से इस सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षकों का कहना है कि योग और ध्यान से मन, शरीर और आत्मा में संतुलन आता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि यह पहल बंदियों के जीवन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ह्लअपराध का जन्म कई बार तनाव, क्रोध और असंतुलन से होता है। जब व्यक्ति अपने भीतर की शांति को पहचान लेता है, तो उसका जीवन बदल जाता है। योग और ध्यान ऐसे साधन हैं जो आत्म-संयम और सकारात्मक सोच की ओर ले जाते हैं। ह्व उन्होंने यह भी कहा कि जेल प्रशासन का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं है, बल्कि बंदियों को समाज में पुनः सम्मानपूर्वक जीवन जीने योग्य बनाना है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार- प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, फसल अवशेष प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने तथा इसके न जलाने से भूमि में होने वाले लाभों से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों, सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार वाहन को जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया है। यह प्रचार वाहन फसल अवशेष न जलाये जाने के लिए लोगो को जागरूक किया जायेगा, फसल अवशेष जलाते हुए पकड़े जाने पर माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण अधिनियम की धारा 24 एवं 26 के अन्तर्गत खेत में फसल अवशेष को जलाना एक दण्डनीय अपराध है जिसमे पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड के प्राविधान किया गया है। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अपूर्वा सिंह बनेंगी होम्योपैथिक चिकित्सक



बांसगांव,गोरखपुर। बांसगांव कस्बा के वार्ड संख्या- 9 निवासी अटल सिंह व माता रीता सिंह की होनहार बिटिया अपुर्वा सिंह नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर होम्योपैथिक चिकित्सक बनेंगी। वह घर से ही आन लाइन तैयारी कर नीट परीक्षा में आल इंडिया रैंक 26895 व कैटेगरी रैंक 6109 लाकर देश के टाप होम्योपैथी मेडिकल कालेज दिल्ली में दाखिला लिया है। बेटी की सफलता पर परिवारजनों समेत शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार किया है। अपूर्वा लिटिल स्कॉलर एकेडमी इंदिरा नगर से हाईस्कूल 84 प्रतिशत व इंटरमीडिएट 78 प्रतिशत के साथ पास की है। इंटरमीडिएट के बाद वह घर से आन लाइन तैयारी कर रही थी। अपूर्वा की उपलब्धि पर केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, विधायक डा विमलेश पासवान, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा गोरखपुर जिला उपाध्यक्ष विनय चंद, चाचा बिठठल सिंह, मनोज सिंह, गुड्डू शाही, लालू सिंह, अनुज सिंह, राजकुमार सिंह समेत अन्य शुभचिंतकों ने मेधावी बिटिया को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ज्ञापित की।

## गैस सिलेन्डर में लगी आग, किचन का सारा सामान स्वाहा

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा मंगलपुर के टोला तिनहिया में किचन में रखे गैस सिलेन्डर में आग लग जाने से किचन में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर सरहरी चौकी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुच आग पर काबू पा लिया है। सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा मंगलपुर के टोला तिनहिया में सोमवार को लगभग 7 - 30 बजे के आस पास नवनीत पाण्डेय पुत्र रमाकांत पाण्डेय के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेन्डर में अचानक आग पकड़ लेने से कीचन में रखा फ्रीज सहित सारा सामान जल गया। नवनीत पाण्डेय की पत्नी निधी पाण्डेय उस समय खाना बना रही थी। आग लगने से अफरा तफुरी मच गयी और बुझाने का प्रयास करते समय निधी पाण्डेय के हाथ एवं पैर कुछ जल जाने से चोटिल हो गयी। सूचना पर पहुंची सरहरी चौकी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड पहुय आग पर काबू पाया उपर वाले का सुकर था कि सिलेन्डर ब्रस्ट होने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

## 175 बुजुर्गों को मिला सहायक उपकरण

चौरीचौरा, गोरखपुर। नगर पंचायत चौरीचौरा के वार्ड संख्या 5 बाल बुजुर्ग स्थित नवीन कृषि मंडी समिति परिसर में मंगलवार को आसरा गोरखपुर एवं दिव्यांग मित्र अक्षय कुमार के सहयोग से निशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में लगभग 175 बुजुर्ग माता-पिता को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत चौरी चौरा के नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम के आयोजक सभासद पौरुष कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आसरा गोरखपुर के निदेशक पुरुषोत्तम अग्रहरि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सन्नी जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार के आसरा उपक्रम के तहत यह पहल समाज के जरूरतमंद और दिव्यांग जनों के जीवन में सहारा देने का कार्य कर रही है। यह मानवीय सेवा का अनुकरणीय उदाहरण है। उक्त अवसर पर विनोद जायसवाल, अजय पासवान, लक्ष्मण राजभर, संगीता यादव, बृजेश कुमार कानपुर राजू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र मोहम्मद अफ्फान व बहू गुलनाज को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। मो. नईम पुत्र अब्दुल करीम निवासी-ग्राम सैदनपुर, थाना सफदरगंज, बाराबंकी।

# डांडिया नाइट व फ्रेशर पार्टी में जमकर थिरके छात्र

- डांडिया नाइट व फ्रेशर पार्टी के साथ शरद महोत्सव का हुआ समापन

सहजनवां/गीडा, गोरखपुर। गीडा स्थित बीआईटी कालेज में आयोजित तीन दिवसीय बुद्धा शरद महोत्सव डांडिया नाइट व फ्रेशर पार्टी के जीवन में अनुशासन और संयम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन अनुशासन एवं संयम का पाठ पढ़ाता है। अभी आपका किया गया समय का सदुपयोग भविष्य को सुरक्षित करने में सहायक होगा। उन्होंने



आयोजन के साथ शानदार समापन हुआ। नव प्रवेशित छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में जमकर मस्ती की। तो डांडिया नाइट में छात्र-छात्राएं मधुर गीतों पर डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए जमकर थिरके और महोत्सव को एक यादगार बना दिया। फ्रेशर पार्टी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर आईपीएस अभिनव त्यागी एवं अध्यक्षता कर रहे डॉ रजत अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि आईपीएस श्री त्यागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम, लगन और मेहनत के महत्व पर जोर दिया, जो भविष्य में सफलता के शिखर पर पहुँचाता है। नव प्रवेशित छात्रों ने इस अवसर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने नृत्य, समूह नृत्य, गायन, समूह गायन, मिमिक्री, ड्रामा, फैशन शो और रैंप वॉक जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। फ्रेशर पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर का चुनाव रहा, जिसमें बुद्धा ग्रुप के प्रत्येक संस्थानों के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

## सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता और मेहनत का कोई विकल्प नही होता : अशोक मुथा जैन एडीजी



सहजनवां/गीडा,गोरखपुर। बुद्धा शरद महोत्सव के समापन सत्र के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन आईपीएम अशोक मुथा जैन एवं एक्सप्रेस ग्रुप के निदेशक एवं उद्योगपति व समाजसेवी वैभव सर्राफ रहे। उन्होंने मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर को क्राउन पहना कर सम्मानित किया। अपर पुलिस महानिदेशक अशोक मुथा जैन ने छात्रों को सफलता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ‟सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। जितना नम्र एवं विनम्र रहोगे उतना ही ज्ञान अर्जित करोगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि कर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उद्योगपति एवं समाजसेवी वैभव सर्राफ ने संस्थान के प्रयासों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं भविष्य में अग्रणी मुकाम प्राप्त करेंगे। समापन से पूर्व, महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतिस्पधाओं और प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों रानू राय, रिंकी पटेल, शुभ जायसवाल, आयुष त्रिपाठी, प्रतिमा सिंह, साहिल शेख, आदित्य कुमार गोड, अभिषेक कुमार चैधरी, षिवांष द्विवेदी, आदित्य सिंह को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक (प्रशासन) दीपक अग्रवाल, निदेशक एच.आर. संतोष त्रिपाठी, निदेशक बी.आई.टी. डा रुप रंजन, निदेशक फामेर्सी डा आषीष सिंह, निदेशक मैनेजमेंट डा अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक डिप्लोमा अभिनव श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और मीडियाकर्मी भी उपस्थित रहे।

## सरदार नगर के ग्राम गौनर के ग्राम प्रधान कैलाश निषाद हुए सम्मानित



चौरीचौरा, गोरखपुर। गोरखपुर में चल रहे यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में आयोजित ग्राम प्रधान सम्मेलन में विकास खंड सरदारनगर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। पंचायती राज व विकास विभाग की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में ग्राम पंचायत गौनर के प्रधान कैलाश निषाद और सचिव संजय सिंह को ओडीएफ प्लस, पंचायत भवन निर्माण और जलशय विकास में बेहतर कार्य करने पर अंगवस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुभारंभ सरदारनगर के सफाईकर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति से हुई। सम्मेलन में खण्ड प्रेरक चेतई प्रसाद पटवा, सचिव अखिल आनंद यादव और राकेश ठाकुर को प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत कौडीराम संजय पांडेय ने किया।

## नगर आयुक्त ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, लापरवाही पर जतायी नाराजगी



गोरखपुर। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने मंगलवार को नगर निगम निर्माण विभाग एवं सीएनडीएस के विभिन्न यूनिटों के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने जोनल कार्यालयों के भुगतान में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्यों के भुगतान एवं रिपोर्टिंग में अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में घंटाघर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान बंधु सिंह के स्थान पर अतिरिक्त कार्यों का प्रभार अशोक कुमार भाटी को सौंपा गया। वहीं इंदिरा बाल विहार पार्क में साउंड सिस्टम एवं एलईडी वॉल लगाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी भवन की छत की मरम्मत, वाई-फाई और इंटरनेट सुविधा के सुचारू संचालन के लिए अपर नगर आयुक्त (थर्ड) को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। लाइब्रेरी के पीछे हुए अतिक्रमण पर भी नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि कब्जेदारों से अतिरिक्त चार्ज लगाकर किराया वसूला जाए और दीपावली से पहले अतिक्रमण हटाया जाए। इसके अलावा निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि नगर निगम के सभी कबाड़ और स्क्रैप की नीलामी कराई जाए। बैठक में टीपी नगर और रानीडीहा जोनल कार्यालय के निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। लालदिग्गी पार्क में सीएनडीएस द्वारा काटे गए पेड़ों के उपयोग और सहगौन प्रजाति के पेड़ों की नीलामी कर उनकी आय नगर निगम में जमा कराने के आदेश दिए गए।

## भाजपा नेता से सिक्योरिटी गार्ड ने की अभद्रता व मारपीट

### दीप उत्सव की बाइट लेने पहुंचे थे रिपोर्टर

गोरखपुर। गोरखपुर आकाशवाणी परिसर में मंगलवार को उस समय बड़ा बवाल हो गया। जब वहां ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने भाजपा नेता से अभद्रता करते हुए हाथापाई करने लगा। जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय पीटीआई के रिपोर्टर भी वहां बाईट लेने पहुंचे थे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने गार्ड को हिरासत में ले लिया है।



जानकारी के मुताबिक, पीटीआई के रिपोर्टर सुनय पाण्डेय मंगलवार को दीप उत्सव की तैयारियों पर बाइट लेने पहुंचे थे। उन्होंने इससे पहले फोन पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा से संपर्क किया था, जिन्होंने बताया कि वे आकाशवाणी परिसर में मौजूद हैं। जैसे ही पत्रकार मौके पर पहुंचे, तभी वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड देव भूषण सिंह और नगर उपाध्यक्ष के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते गार्ड ने नगर उपाध्यक्ष से अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। और उनसे मारपीट कर उन्हें गेट के अंदर बंद कर दिया। जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पत्रकार ने तत्काल सूचना नगर निगम चौकी प्रभारी दीपशिखा सिंह को दी। मौके पर सीओ कोतवाली ओमकार दत्त तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह समेत पुलिस बल पहुंचा, लेकिन गार्ड ने गेट खोलने से इंकार कर दिया।

घटना की खबर फैलते ही नगर निगम पार्षदों और पत्रकारों का जमावड़ा लग गया। मामला भाजपा नगर उपाध्यक्ष के सम्मान से जुड़ा होने के कारण महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे और घटना की कड़ी निंदा की। आखिरकार पुलिस ने गार्ड को गिरफ्तार कर लिया, जबकि घायल बृजेश मिश्रा को जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया।

इस संदर्भ में सीओ कोतवाली ओमकार दत्त तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सरकारी दुकानों पर आबकारी का छापा

- बोतलों के ढक्कन, बारकोड, सीसीटीवी समेत पीओएस मशीन को गया जांचा

बाराबंकी। त्यौहारो पर सक्रिय होने वाले अवैध शराब तस्करो पर नकेल कसने में आबकारी विभाग कोई कोर-कसर नही छोड़ रहा है। विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत शराब तस्कर अब विभाग की पैनी नजर के घेरे में है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के दिशा-निर्देश पर आबकारी



निरीक्षको की सक्रियता दिखाई दे रही है। देर रात्रि आबकारी निरीक्षक प्रथम इंगिता पाण्डे की टीम ने नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली सरकारी देशी व कम्पोजिट दुकानो का औचक निरीक्षण किया। आबकारी निरीक्षक ने शराब बोतलों के ढक्कन, क्यूआर कोड व बारकोड के माध्यम से शराब की गुणवत्ता को परखा। इसके साथ ही दुकानों पर लगे कैमरे, पीओएस मशीन को भी देखा। निरीक्षण पश्चात लाइसेन्सियो व सेल्समेनो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही सत्यप्रकाश उपाध्याय, आबकारी सिपाही आशूतोष सिंह, सुनील संचान मौजूद रहे।

## नवजात की मौत, प्रसूता की हालत गंभीर

- डिलीवरी के दौरान नर्सों पर लापरवाही करने और 50 हजार वसूली का आरोप
- थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही एंव अस्पताल की जांच की मांग



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम कूढ़ा सुखीपुर निवासी रामू कुमार की पत्नी की डिलेवरी के दौरान अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। जबकि प्रसूता की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पति ने पीएम हास्पिटल सरायबरई के खिलाफ टिकैतनगर थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही एंव अस्पताल की जांच कर दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पीड़ित रामू ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर पीएम हॉस्पिटल सराय बरई लेकर पहुंचे थे। जांच के दौरान डॉक्टरों ने मरीज की प्लेटलेट्स काफी कम होने की बात कही। तथा डिलेवरी में खतरा बताया। लेकिन अस्पताल में तैनात नर्सों द्वारा नार्मल डिलेवरी कराने पर अड़ गईं। डिलेवरी के दौरान नर्सों ने जबरदस्ती पेट पर चढ़कर और प्राइवेट पार्ट में हाथ डालकर प्रसव कराने की कोशिश की। जिसके बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई और नवजात ने जन्म के कुछ ही क्षण बाद दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी की बात कहकर 50 हजार रुपये मांगे। उसने किसी तरह पैसे की व्यवस्था की। जिसके बाद ऑपरेशन किया गया। लेकिन ऑपरेशन के बाद भी पत्नी की हालत गंभीर होती चली गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पीएम हॉस्पिटल सराय बरई में मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। न तो अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहते हैं और न ही आपातकालीन व्यवस्था। कुछ नर्सें और अयोग्य स्टाफ मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर मोटी रकम वसूलते हैं। इस प्रकरण पर अधीक्षक सीएचसी टिकैतनगर विजय पटेल मामला संज्ञान मे आया है जांच करवाई जा रही है।

## शिवपाल ने विभिन्न स्थानों पर पहुंच शोक संवेदना जतायी



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एंव विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी नेताओं के आवास पर पहुंचकर शफी अहमद बालक की पत्नी, पूर्व चेयरमैन जहीर अंसारी एंव उत्तम दुबे एड. के पुत्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एंव पूर्व सभासद शफी अहमद बालक की पत्नी के निधन पर उनके उर्दू मोहल्ला स्थित आवास पर आए और शोक सम्वेदना व्यक्त की। शिवपाल सिंह यादव पूर्व नगर पालिका चेयरमैन जहीर अंसारी के निधन पर उनके मेहतर टोला स्थित आवास और घटिया अजमत अली निवासी उत्तम दुबे एड. के पुत्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एंव विधायक शिवपाल सिंह यादव के साथ सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, फरहान शकील, उदयभान सिंह यादव, अनवार हुसैन, विक्की गुप्ता, प्रधान अखिलेश वर्मा ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर इमाम मो. याकूब, हाजी हबीब मंसूरी, शावेज नकवी, जैनुल आबेदीन, रिजवान कुरैशी, बंटी मंसूरी, तनवीर वारसी, अनीस चैधरी, शकील अहमद, मो. हनीफ चऊआ, मो. परवेज, कामरान खान, पूर्व सभासद मो. शफीक सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घायल छात्रा ने पांच दिन बाद तोड़ा दम



इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर पांच दिन पहले ग्राम धोरखा मोड़ पर स्कूल जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ी हाईस्कूल की 16 वर्षीय छात्रा को पिकअप ने टक्कर मार दी थी। घायल छात्रा को इलाज के लिए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान सोमवार रात्रि छात्रा ने दम तोड़ दिया। घर की बड़ी बेटी की मौत से स्वजन में कोहराम मचा हुआ है। लवेदी के ग्राम धोरखा के रहने वाले उदय सिंह दोहरे की 16 वर्षीय पुत्री आस्था हाईस्कूल में पढ़ती थी। 9 अक्टूबर की सुबह रोजाना की तरह विद्यालय जनता इंटर कालेज बकेवर में पढ़ने जाने के लिए पैदल घर से निकलकर नेशनल हाईवे आगरा-कानपुर स्थित ग्राम धोरखा मोड़ के पास आटो का इंतजार कर रही थी। तभी कानपुर की तरफ से आयी तेज रफ्तार पिकअप ने छात्रा को अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी थी। हादसे में छात्रा आस्था बुरी तरह घायल हो गई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर छात्रा को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजकर घर वालों को सूचना दी थी। घर वालों के अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उसे आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर कर दिया था। जहां पांच दिन तक चले इलाज के दौरान सोमवार देर रात्रि छात्रा की मौत हो गई। पिता उदय सिंह ने रोते बिलखते हुए बताया कि उनकी बेटी आस्था चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी और पढ़ने में भी काफी होशियार थी। वह मजदूरी करते बेटी को पढ़ा लिखा रहा था, लेकिन इस हादसे ने उनकी सारी उम्मीदों को बिखरे दिया। मां रीना देवी एवं छोटे दो भाई एवं एक बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## पीटीओ ने किये 6 ओवरलोड सीज अन्य अभियोग में 21 चालान



बाराबंकी। बिना मानक के सड़को पर दौड़ने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से अधिक भार ढोते मिलने पर ओवरलोड़ वाहनो को सीज व दर्जनो वाहनो पर चालान की कार्यवाही की गई। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि अनाधिकृत व नियमों के विरूद्ध जनपद में संचालित वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे आज मंगलवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर चेकिंग करते हुये क्षमता से अधिक भार ढोते मिलने पर 6 ओवरलोड़ वाहनो को सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 21 चालान किये।

## एससीएसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



जैदपुर, बाराबंकी। मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा निकट एस0आर मेडिकल स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस0सी0एस0टी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व मुख्य अतिथि एससीएसटी आयोग अध्यक्ष श्री रावत का डाक्टर रिजवान अली व सभासद ताहिर अंसारी द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन अवसर पर नगर पंचायत जैदुपुर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम अंसारी, वीरेंद्र प्रताप, सरफुद्दीन, शाहे आलम ? कुरैशी, सायंम रिजवी, कलीम अंसारी, अबसार, रजा हसन, उस्मान अतीक अहमद, डाक्टर शाबान अली, अंकित जायसवाल मौजूद रहे।

## क्रिकेट स्टेट लीग में लखनऊ टीम ने मैच जीत किया फाइनल में प्रवेश



बाराबंकी। के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट स्टेट लीग में दूसरा सेमीफाइनल टूनार्मेन्ट क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ एवं सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बीच में खेला गया। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुल्तानपुर टीम की ओर से महताब ने 86 रन, अर्जुन सिंह 35 रन, कृष्ण 24 रन, विमर्श पांडे 23 रन, अंश पटेल 22 रन, उमर 26 रनों की बदौलत 46.4 ओवर में 244 रन पर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 ओवर मे दो विकेट खोकर 248 रनो लक्ष्य हासिल किया। जिसमे हिमांशु सिंह ने 117 रन, प्रियांशु पांडे 38 रन, अजीत वर्मा 25 रन, संकेत मौर्य 52 रनों की शानदार पारी खेल सुल्तानपुर को 8 विकेट हराते हुये फाइनल मे प्रवेश किया। शानदार बल्लेबाजी के लिये हिमांशू सिंह को मैन आफ द मैच पुरस्कार जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष अख्तर अजीज खान ने सौपा। फाइनल मुकाबला लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन एवं लॉर्ड बालाजी क्रिकेट एकेडमी के बीच में 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर सचिव डॉक्टर सी0ए0 जावेद, अनसुल्लाह किदवई, उपाध्यक्ष राजेश अरोरा बब्बू, मोहम्मद इकबाल, अंजुम किदवई, दिलशाद मजीद, रिजवान, शामिक मेराज, आसिफ शाह, अदील मौजूद रहे।

## समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ हूं : राजू गुप्ता



इटावा। समाजसेवी राजू गुप्ता का मोहल्ला लालपुरा में जावेद राईन (रेडीमेड वाले) के घर पर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान राजू गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ है। हर सुख दुख में कंधा से कंधा मिलाकर लोगों के साथ खड़े है। जमीअत उर राईन के युवा जिलाध्यक्ष साजिद अली राईन अशरफी ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर सलीम राईन (रेडीमेड वाले), इंतखाब आलम अशरफी, राशिद अली अशरफी, हाजी माबूद अंसारी, आसिफ राईन, सुभान खान, सोनू यादव लालपुरा, हाजी फरीद राईन, कामरान खान, समीर राईन, साजिद राईन, गुड्डू राईन, रिजवान राईन, हाजी तसलीम राईन, इकबाल राईन मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में मनाया गया दीपोत्सव



इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार रात को रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में अहोई अष्टमी के अवसर पर भव्य दीपोत्सव और रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव और उनकी धर्मपत्नी तथा वामा सारथी की अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पुलिस परिवार की महिलाओं, बच्चों और रिक्रूट आरक्षियों ने मिलकर परिसर को दीपों से सजाया और दीपावली का उल्लास मनाया। दीपों की रोशनी और मधुर संगीत से पुलिस लाइन का पूरा वातावरण भक्ति और खुशी के रंग में रंग गया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस परिवार ही हमारी असली शक्ति है। ऐसे आयोजन न सिर्फ खुशी का प्रतीक हैं, बल्कि यह एकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को मेहनत, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान और जलपान कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, लाइन सुबोध गौतम, सहित क्षेत्राधिकारी, पुलिस कर्मी, रिक्रूट महिला आरक्षी और पुलिस परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

संक्षेप

## पटाखों की दुकानों को लेकर जांच करने पहुंचे अधिकारी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के रामलीला मैदान पर दीपावली के त्योहार पर आतिशबाजी की लगने वाली दुकानों को लेकर प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम की जानकारी लेकर गाइडलाइन की अनुपालन का निर्देश दिया है। एसडीम, सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक उमेश चौरसिया ने दलबल के साथ व्यापारियों द्वारा आतिशबाजी की लगाई जाने वाली दुकानों पर सुरक्षा के मानक की गहनता से जांच कर अग्निशमन दल की टीम को तैनात कर आपात स्थिति से निपटने को लेकर की गई तैयारीयों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। दुकानदारों को गाइडलाइन का अनुपालन न करने पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## ग्रामीणों ने मतदान केंद्र अलग करने की लगायी गुहार

धौरहरा खीरी। विकास खंण्ड के एक गांव निवासी ग्रामीणों द्वारा सोमवार को तहसील मुख्यालय में एसडीएम धौरहरा को ज्ञापन सौंपकर आगामी प्रधानी चुनाव के लिए अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ बनाए जाने के लिए शिकायती पत्र सौंपा। प्राप्त शिकायती पत्र के मुताबिक विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत जुगुनू पुर के मजरा नरैनाबाबा के ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि को ज्ञापन सौंपकर कहा कि हमारे गांव में करीब 1800 मतदाता हैं पूर्व में हम लोगो का मतदान केंद्र जुगुनू पुर के सविलियन विद्यालय था जहां मतदान के दौरान जुगुनू पुर के दूसरे समुदाय के लोगो द्वारा किसी न किसी प्रकार से मतदान के दिन खासकर महिलाओं को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मताधिकार से वंचित होना पड़ता है जिससे निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्पन्न होती रही है। इस मामले में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने बताया कि ग्रामीणों का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ लेकिन शासन से मतदान केंद्र बदलने की रिपोर्ट नवम्बर में मांगे जाने पर जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## सर्राफा व्यापारी से लूट के मामले में आया नया मोड़

सिंगाही खीरी। सिंगाही/बेलरायां रोड पर सोमवार को सर्राफा व्यापारी पर हुए जानलेवा हमले और लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान लूट का एंगल बदलता दिख रहा है, जिससे मामला नया मोड़ ले सकता है। कस्बे के मेन बाजार निवासी व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश सोनी के पुत्र अमित सोनी पर थाना क्षेत्र के पास बदमाशों ने हमला कर 35 हजार रुपये लूट लिए, जबकि जेवरात से भरा बैग बच गया। घायल अमित का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद सीओ विवेक कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया। पोल्ट्री फार्म पर मौजूद तहरून निशा ने बताया कि उन्होंने अमित को बाइक गिराते देखा, पर मारपीट नहीं देखी। दो बैग उन्हें मिले, जिन्हें उन्होंने परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में पता चला कि घटना से एक दिन पहले अमित का कुछ लोगों से रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर जल्द खुलासा करेगी।

# अयोध्या के दीपोत्सव में जलेंगे लखीमपुर की माटी के दीए



जिला संवाददाता(vol)

- सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर बीडीओ धौरहरा ने कराए 25 हजार गोबर के दीपक तैयार
- सीडीओ ने गोबर व मिट्टी के दियों से भारी गाड़ी को भेजा अयोध्या

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इको-फ्रेंडली दीपोत्सव के संकल्प को साकार करने में लखीमपुर की माटी ने अपनी खुशबू भी मिलाई और करामात भी दिखा दी। सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल और बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार के नेतृत्व में आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा की ग्रामीण व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से 25 हजार दीपक तैयार कर एक अनोखी मिसाल कायम की है। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषधारवे के साथ विकास भवन परिसर से इन इको-फ्रेंडली दीयों से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दीपक अब अयोध्या के भव्य दीपोत्सव में राम की पैरी (अयोध्या धाम) को रौशन करेंगे। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि जनसहभागिता और स्वावलंबन का उत्सव है। लखीमपुर की महिलाओं ने इस अभियान में जो योगदान दिया है, वह गर्व का विषय है। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि महिलाओं ने कुछ ही दिनों में गोबर से इतने सुंदर व पर्यावरण हितैषी दीए तैयार किए हैं, जिनसे न केवल आय सृजन हुआ बल्कि आत्मनिर्भरता का दीप भी जला।

ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और सृजनशीलता से तैयार ये दीए अब अयोध्या की पवित्र भूमि पर जलकर उस संदेश को फैलाएँगे ह्लगोबर का हर दीया, आत्मनिर्भर भारत की ज्योति है। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धर्वे, पी.डी. एस एन चौरसिय, डी.सी.एन.आर.एल. एम. जितेंद्र कुमार मिश्रा, एडीओ आईएसबी अलोक शुक्ला, एडीओ पंचायत प्रेम पाल, सचिव निधि त्रिवेदी, धीरज कुमार, नवल किशोर, उदय प्रताप सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## संभागीय निरीक्षक ने बसों का किया निरीक्षण




लखीमपुर खीरी। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में तैनात संभागीय निरीक्षक प्राविधिक आर आई आईटी, संजय कुमार ने बसों का सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान आर आई संजय कुमार ने बस के चालकों से कहा जिन बसों में इमरजेंसी गेट, ग्लास, एच एस आरपी प्लेट नहीं उन बसों का फिटनेस नहीं होगा। जर्जर बस रोड पर नहीं चलेंगी यह फरमान सुनते ही मोटर मालिकों में हड़काम मच गया। बसों की निर्धारित गति से अधिक बस न चलाएं, समय-समय पर वाहनों का सत्यापन जरूर करवाएं। मैजिक, लोडर वाहन में क्षमता से अधिक लोड ना ला दें। मैजिक में पीछे पावदान, बंफर न लगाए। जर्जर बसें रोड पर बिल्कुल ना चलाएं। समय-समय पर बस का सत्यापन अवश्य करते रहे। बस में खामियां मिलने पर बस की फिटनेस नहीं की जाएगी। बस में चेचिस नंबर में छेड़छाड़ बिल्कुल ना करें।

## श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में मरीजों को खाने में परोसा जा रहा कीड़ा, वीडियो वायरल

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम सहदेवा में स्थित श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मरीज एवं स्टाफ के खाने की थाली में कीड़े निकालने की बात सामने आई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। आपत्ति के



बाद खाने को बदल गया। दिल्ली प्रबंधन से ट्विटर अकाउंट के माध्यम से की गई शिकायत। अस्पताल में सैकड़ो भर्ती मरीजों को प्रत्येक दिन खाने में भोजन वितरण किया जाता था। अचानक कई मरीज एवं स्टाफ के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को घटिया खाने का विरोध किया गया। लेकिन कोई भी सुधार नहीं हुआ एक दिन तो सारी हदें पार हो गई। कई थालियों में कीड़े दिखाई पड़े जिसको लेकर वीडियो बनाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस दौरान मरीज के परिजनों ने जमकर विरोध किया। वहीं प्रबंधन ने मामले की जांच करने की बात कही खास बात तो यह है। इससे पहले कई बार मामले सामने आए प्रमुख प्रबंधन इस मामले में संलिप्त होने के कारण अब तक कोई भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो सकी। इसके साथ ही लोगों ने अस्पताल के खिलाफ ट्वीट कर ऐसा खाना देने के लिए कार्रवाई की मांग की। उपजिलाधिकारी से उक्त संबंध में जानकारी चाही तो बताया जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## शराब की दुकानों पर जिला आबकारी अधिकारी ने की चेकिंग



लखीमपुर खीरी। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने आगामी त्यौहार को देखते हुए। अनुज्ञपि सरकारी देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण करते ही अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकानों पर अफरा तफरी मच गई। शराब की दुकानों पर पहुंचकर जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं कि ओवर रेटिंग, मिलावट की शिकायत न मिले। जांच में शिकायत सही मिलने पर अनुज्ञपि के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस रद्द किया जाएगा। शराब विक्रेता बारकोड स्कैन कर शराब विक्रय करें। जिला आबकारी अधिकारी ने दुकानों का स्टॉक रजिस्टर चेक किया, सीसीटीवी कैमरा एवं दुकानों का रखरखाव देखा।

## शासन की मंशा के अनुरूप हो धान खरीदः एडीएम



लखीमपुर खीरी। धान खरीद में पारदर्शिता और किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही सख्त संदेश सोमवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर के औचक निरीक्षण के दौरान दिया। उन्होंने मौके पर विभिन्न क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और प्रभारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

एडीएम ने धान तौल प्रक्रिया, भुगतान रजिस्टर, भंडारण व्यवस्था और किसानों के सत्यापन की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से धान की गुणवत्ता और खरीद की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। केंद्र प्रभारी ने बताया कि जिन किसानों का धान नमीयुक्त है, उनका धान मंडी परिसर में सुखाकर खरीदा जा रहा है। किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे सूखाकर धान लेकर ही मंडी आएं, ताकि तौल और भुगतान की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो। एडीएम ने निर्देश दिए कि आने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की बिक्री के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें उनके उपज का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गड़बड़ी या देरी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। धान खरीद में ईमानदारी और पारदर्शिता से ही शासन की मंशा पूरी होगी। बताते चलें कि जिले में कुल 124 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर में विभिन्न क्रय एजेंसियों के 19 केंद्र संचालित हैं, जहां किसानों से सीधे धान की खरीद की जा रही है।

## डॉ. अनिल कुमार का मनाया गया जन्मदिवस

पलियाकलां खीरी। डॉक्टर ए .के. कपूर का जन्म दिवस नगर के साइन होटल में क्षेत्र के गणमान्य नगरिकों ने हर्ष और प्रसन्नता के साथ मनाया। डॉक्टर कपूर के दीर्घ जीवन की कामनाएं की सभी ने उनका फूल माला पहनकर उनका भव्यस्वागत किया पंडित वेद प्रकाश मिश्रा व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चारण के



साथ उनके अग्रिम जीवन की सफलता की कामना की वह मरीजों की सेवा में लगभग 46 वर्षों से लगे हुए हैं उनका जन्म लखीमपुर खीरी में 13 अक्टूबर 1950 में हुआ था। उनका नाम मरीजों के सफल इलाज के लिए जिला तथा प्रदेश भर में छाया हुआ है। इस अवसर पर रवि गुप्ता, अशोक कुमार गर्ग , रामप्रताप सिंह प्रधानाचार्य, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी, शैलेंद्र श्रीवास्तव उर्फ हैप्पी , सतीश श्रीवास्तव , संजीव जायसवाल, राजेश गुप्ता बनगवां, डा ए के अवस्थी, एडवोकेट विजय बाजपेई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने डॉक्टर कपूर के सुखद जीवन कामना की।

## धान में नमी और भुगतान संकट से अटकी सरकारी खरीद

मन्दीप कुमार वर्मा

गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। धान खरीद सीजन की औपचारिक शुरूआत भले ही हो चुकी हो, लेकिन तहसील गोला क्षेत्र के अधिकांश सरकारी धान क्रय केंद्रों पर अब तक खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। किसान अपनी उपज लेकर क्रय केंद्रों तक तो पहुंच रहे हैं, मगर नमी की अधिकता के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

खेतों और खलिहानों में धान सूखाने का काम तेजी से चल रहा हैं। सहायक क्षेत्र वितरण अधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि गोला तहसील क्षेत्र में इस वर्ष कुल 34 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 9, पीसीएफ के 7, पीसीयू के 9, यूपीएसएस के 8, एफसीआई का 1, मंडी समिति के 22 और बाहर के 12 केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस समय धान में नमी की मात्रा अधिक है। जिससे सरकारी मानक के अनुरूप खरीद नहीं की जा सकती। सरकारी मानक के अनुसार धान में अधिकतम 17 प्रतिशत तक नमी स्वीकार की जाती है, जबकि किसानों के पास जो धान पहुंच रहा है, उसमें नमी 22 से 23 प्रतिशत तक पाई जा रही है। ऐसे में क्रय केंद्रों पर अधिकारियों ने तौल रोक दी है। दूसरी ओर, राइस मिल संचालक इस स्थिति का फायदा उठाकर किसानों से कम दामों पर धान खरीद रहे हैं। किसानों ने बताया कि बजाज चीनी मिल ने बकाया गन्ना भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इसके कारण



उनके किसान क्रेडिट कार्ड खाते एनपीए घोषित हो चुके हैं। यदि वे धान सरकारी केंद्रों पर बेचते हैं, तो उनके खाते में आने वाला पैसा बैंक द्वारा बकाया में काट लिया जाएगा। इसी वजह से वे मजबूरी में अपनी उपज राइस मिलों पर 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव में बेच रहे हैं। जबकि सरकारी केंद्रों पर उन्हें 2369 रुपये समर्थन मूल्य और 20 रुपये पल्लेदारी शुल्क सहित कुल 2389 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान मिलना तय है। दीपावली का पर्व सिर पर है। ऐसे में किसानों पर बच्चों की फीस, खाद-बीज खरीद और घरेलू खर्चों का दबाव है। गन्ना भुगतान अटका होने और धान खरीद न शुरू होने से किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। साथ ही किसानों ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया भी उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई है। वर्तमान

> क्रय केद्रो पर आ रहे धान में नमी के कारण अभी तौल शुरू नहीं हो पायी है, धान सूखने पर दो चार दिनों में तौल शुरू हो जायेगी।
> युगान्तर त्रिपाठी
> एसडीएम
> गोला गोकर्णनाथ, खीरी।

व्यवस्था के अनुसार, एक एकड़ तक के सत्यापन की जिम्मेदारी लेखपाल, 1 से 3 एकड़ तक तहसीलदार, 3 से 5 एकड़ तक एसडीएम और 5 एकड़ से अधिक की भूमि के लिए एडीएम स्तर से सत्यापन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और जटिल साबित हो रही है, जिससे किसान बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसानों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए धान की नमी सीमा में अस्थायी राहत दी जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया तुरंत शुरू की जा सके और किसानों को अपनी उपज बेचने में राहत मिल सके। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही धान की नमी निर्धारित सीमा के भीतर आ जाएगी, खरीद प्रक्रिया सभी केंद्रों पर प्रारंभ करा दी जाएगी। इस बीच मंडी समितियों और गोदामों में धान के ढेर तो नजर आने लगे हैं, लेकिन सरकारी तौल कांटे अब भी बंद पड़े हैं।

## केवाईसी के बहाने खाते से पैसा निकालने पर आंगनबाड़ी व अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज

करमा, सोनभद्र। जनपद में बाल विकास परियोजना के अधीनस्थ आंगनबाड़ी कार्यकतियों द्वारा धात्री महिलाओं को मातृत्व योजना का लाभ दिलवाने के लिए जानकारी एवं केवाईसी के नाम पर जनपद में लाखों रुपए साइबर क्राइम की भेंट चढ़ गई बावजूद इसके बाल विकास परियोजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभी तक इस मामले में बिल्कुल अंजान बने हुए हैं इसे विभागीय उदासीनता नहीं कहेंगे तो और क्या कहेंगे। जबकि पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले में बारीमहेवा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्यावती देवी एवं अज्ञात के विरुद्ध साइबर थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है जी हां कर्मा एवं नगवां ब्लॉक में सत्यापन के नाम पर लाखों रुपए साइबर अपराध की भेंट चढ़ गए भुक्त भोगी सेराज अहमद द्वारा एक हफ्ते से जिले के अधिकारियों का चक्कर काटा जा रहा है। सोमवार को तो जनपद की मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी से मिलने के लिए सुबह से लेकर शाम तक इंतजार करते रहे। इसके बावजूद उन्होंने पीड़ित का पक्ष नहीं सुना। वास्तव में इतना जागरुक होने के बावजूद जैसे-जैसे हम डिजिटल इंडिया की ओर कदम बढ़ा रहे हैं वैसे-वैसे साइबर फ्रॉड करने वाले इसे दो कदम आज भी आगे चल रहे हैं। हालांकि जिलाधिकारी बी एन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने तत्परता दिखाई जिसका परिणाम दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की जा चुकी है। हालांकि जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह अभी भी कार्रवाई करने के बजाय मामले को ठंडा बस्ते में डालने से नहीं चूक रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है संविदा कर्मियों के ऊपर यदि प्राथमिक की दर्ज हो जाती है तो तत्काल प्रभाव से उनकी सेवा समाप्त भी की जा सकती है देखना यह है जनपद के मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी इस मामले में क्या रवैया अपनाते हैं।

## डांडिया उत्सव का आयोजन

जौनपुर। लायंस क्लब रॉयल द्वारा डांडिया उत्सव का एक उर्दू बाजार में आयोजित किया गया जिसमें हर वर्ग की महिलाओं, पुरुषों, और बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए देर रात्रि तक भक्ति और डांडिया गीतों पर झूमते रहे ! मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद चेयरमैन मनोरमा मौर्या ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया उन्होंने इस अवसर पर कहा डांडिया नृत्य जगतजननी मां दुर्गा को समर्पित होता है इसमें भारतीय संस्कृति की अनेक विशेषताएं निहित है !

## स्कूल वैन पलटने से कई बच्चे घायल

गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र में एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी, गोविंदपुर ममरी स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई बच्चे घायल हो गए। वैन में लगभग 15 से 18 बच्चे सवार थे। जानकारी के अनुसार यह वैन एक छोटा हाथी लोडर वाहन था, जिसे स्कूल वैन के रूप में उपयोग किया जा रहा था। ग्राम झाऊपुर निवासी आराध्या ( 7 वर्ष ) पुत्री अनिरुद्ध, शमकेश ( 13 वर्ष ) पुत्री सचिन, आलोक ( 11 वर्ष ) पुत्र सचिन और कुन्नूपुर निवासी पलक चैधरी ( 11 वर्ष ) पुत्री विदेश कुमार सहित करीब 12 बच्चों को चोटें आईं। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने दिखायी सख्ती

लखीमपुर खीरी। रविवार की देर रात मितौली थाना क्षेत्र के कस्ता पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर जीतू ज्वेलर्स की दुकान से शटर का ताला तोड़कर आभूषण की हुई चोरी का खुलासा करने के लिए नवागत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम आदित्य कुमार राय ने पुलिस टीम का गठन कर , चोरी का जल्द खुलासा करने का दावा किया है। अपर पुलिस अधीक्षक चोरी का खुलासा करने के लिए



सीओ मितौली व प्रभारी निरीक्षक मितौली से फीड बैक ले रहे है। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार राय अपने कार्यालय में फरियादियों की शिकायत सुनते नजर आए। चोरी की घटना पर पुछने पर उन्होंने बताया ज्वेलर्स की दुकान से हुई आभूषणों की चोरी का खुलासा करने के लिए टीमों का गठन कर दिया है। काम चल रहा है, जैसे ही चोर पकड़ में आएंगे जल्द खुलासा किया जाएगा। मितौली सर्किल में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

# कुहासा झूठ का जब सत्य को ढकने लगेगा ...






गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री हनुमान मंदिर सुहेला में वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार कीर्तिशेष संत कुमार बाजपेयी की स्मृति में विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीतापुर से पधारे कवि शिव प्रताप सिंह चौहान शौर्य की वाणी वंदना से हुआ। उन्होंने अपने काव्य पाठ में संदेश देते हुए कहा कि द्वेष की भावना मिटाकर सबमें प्रेम बांटना ही सच्चा मानव धर्म है। बिसवां से आए वरिष्ठ गीतकार संदीप सरस ने मातृत्व की महिमा का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने कहा ह्लस्नेह की बात अनकही कहती, माँ जो कहती है बस सही कहती। माँ की हर एक बात में हाँ है, माँ कभी भी नहीं, नहीं कहती। बाराबंकी से आए ओज के युवा कवि शिवेश राजा ने अपने ओजपूर्ण काव्य से श्रोताओं में उत्साह भर दिया। उनकी पंक्तियाँ कुहासा झूठ का जब सत्य को ढकने लगेगा, मूल्य मानव जाति का स्वयं तब घटने लगेगा। पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से कवि का स्वागत किया। हास्य के मंच पर कानपुर से आए कवि राज कुमार सचान और रोहित विश्वकर्मा ने अपनी हास्य रचनाओं से वातावरण को ठहाकों से गुंजायमान कर दिया। रोहित विश्वकर्मा की रचना अब मोबाइलों में आज के दौर में, भाभियाँ खूब हैं वायरल हो रहीं। पर श्रोताओं ने खूब ठहाके लगाए। लखीमपुर के कवि गौरव शुक्ल ने अपनी संवेदनशील गजल से कार्यक्रम को भावनात्मक रंग प्रदान किया। मौत एक दिन आनी है, आएगी ही, मगर जहाँ तक चले जिंदगी जीता चल। कार्यक्रम में रजनीकांत दीक्षित, चक्रधर शुक्ल, शशिकांत मिश्र, डॉ. अंकुश कानपुरी, डॉ. उदय नारायण उदय, डॉ. नागेश पांडेय और संयोजक डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने भी अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर ने की जबकि संचालन हास्य कवि रोहित विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जय प्रकाश अवस्थी, सरोज मिश्र, पंकज कुमार, अक्षय कुमार, आयोजक जया अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## डॉ. वेद प्रकाश की कृति बतलाओ विज्ञान पहेली का लोकार्पण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। समकालीन बाल साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री की नई कृति बतलाओ विज्ञान पहेली का लोकार्पण हुआ। बाल साहित्य की दिशा में यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है।

आधा दर्जन से अधिक पुस्तकों के रचनाकार डॉ. वेद ने इस पुस्तक में बच्चों के लिए उपयोगी विज्ञान पहेलियों का अद्भुत संग्रह प्रस्तुत किया है। उनकी यह कृति जाने-माने साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय संजय को समर्पित की गई है।

डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री को उनकी बाल कविताओं और साहित्यिक योगदान के लिए देश की अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। बाल साहित्य में उनकी यह नई रचना बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और समझ विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

# अवैध दवा कारोबार पर ड्रग इंस्पेक्टर की बड़ी कार्रवाई



- पीयूष मेडिकल स्टोर व मकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में चल रहे अवैध दवा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने पहले पीयूष मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। इसके बाद मेडिकल स्टोर स्वामी के घर पर दबिश देकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित और नशीली दवाएं बरामद कीं। यह कार्रवाई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की गई।

ड्रग इंस्पेक्टर बबिता रानी ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि गोला क्षेत्र में कुछ मेडिकल संचालक नशीली दवाओं का अवैध भंडारण कर उनकी बिक्री कर रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को टीम गठित कर पीयूष मेडिकल स्टोर और उसके स्वामी के आवास पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान घर के बक्सों, अलमारियों और कमरों से मादक एवं प्रतिबंधित दवाओं की बड़ी खेप बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान कोतवाल अंबर सिंह, नानक चैकी प्रभारी योगेश कुमार सहित पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बरामद दवाओं को प्रशासन ने वाहन में लादकर कोतवाली पहुंचाया, जहां उनका विवरण दर्ज कर आगे की प्रक्रिया शुरू की गई।

सूत्रों के अनुसार, बरामद माल में कई ऐसी दवाएं शामिल हैं जो बिना वैध लाइसेंस और चिकित्सीय अनुमति के रखी गई थीं। ड्रग इंस्पेक्टर बबिता रानी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा प्रतीत होता है। संबंधित मेडिकल स्टोर स्वामी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध दवा व्यापार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

संक्षेप

## 20 कुन्तल आतिशबाजी बरामद, चार पर केस दर्ज

जौनपुर। जनपद में बिना अनुमति के रिहायसी क्षेत्र में आतिशबाजी रखने के सम्बन्ध में कुल 04 अभियोग पंजीकृत किया गया है, लगभग 20 कुंतल अवैध रुप से प्राप्त आतिशबाजी को पुलिस द्वारा सीज किया गया है। फायर विभाग के माध्यम से आतिशबाजी के सामान रखने की जगह का परीक्षण कराया जा रहा है। 14 लोगों द्वारा लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन किया गया है, उनके लाइसेंस के निलंबन हेतु पत्राचार किया गया है। फायर ब्रिगेड द्वारा केमिकल फायर से होने वाले घटनाओं के संबंध में स्कूलो, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

जौनपुर । रामपुर थाना क्षेत्र के अकरा गांव के समीपस्थ तिराहे के पास बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से टकरा जाने से उसका दाहिना पैर कटकर गंभीर घायल हो गया। मौका देखकर ट्रैक्टर सवार ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रैक्टर चालक को न पाकर हाथ मलती रह गई। फिलहाल पुलिस घटना की जानकारी लेने के बाद ट्रैक्टर एवं चालक की तलाश में जुटी हुई है।बताते है कि रसूलहां गांव निवासी 30 वर्षीय प्रीतेश पटेल पुत्र लालमन पटेल स्प्लेंडर बाइक से भदोही मड़ियाहूं हाईवे पर मड़ियाहूं की तरफ बांयी लेन से किसी कार्यवश जा रहा था। इसी लेने पर उलटी दिशा में एक ट्रैक्टर रोटावेटर लगाकर तेज रफ्तार से रामपुर की तरफ जा रही थी बाइक सवार युवक समझ नहीं पाया और ट्रैक्टर की बाई तरफ से निकलने का प्रयास किया इसी दौरान बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक ने झोल मार दिया जिसके कारण रोटावेटर में युवक का पैर फंस गया और उसका दाहिना पैर कटकर गंभीर घायल हो गया। बताते हैं कि ट्रैक्टर चालक क्षेत्रीय था जिसका लाभ लेते हुए वह मौके से फरार हो गया। युवक सड़क पर ही आधे घंटे तक तड़पता रहा लेकिन एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। सूचना पाकर परिवारीजन घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को उठाकर अस्पताल लेकर गए। उसके बाद पहुंची पुलिस ने स्प्लेंडर बाइक को कब्जे में लेते हुए ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दिया है।

## साइबर ठगों ने चालक से नौ हजार उड़ाए

लिलासी, सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के खैराही निवासी व्यक्ति जो पेशे से चालक है से साइबर ठग द्वारा नौ हजार की ठगी कर लिया, भुक्त भोगी ने ऑनलाइन साइबर सेल मे शिकायत दर्ज करा मयोरपुर थाने को सूचित कर ठगी गयी रकम वापस कराये जाने की गुहार लगाई है। उक्त गांव निवासी सुजीत कुमार पाण्डेय के मोबाईल पर मैसेज केद्वारा दस हजार रुपए जमा होने की सूचना दे ठग ने स्वयं को खान ड्राइवर होना बता कहा कि भूल से दस हजार रुपए आप के खाते मे डाल दिया हूँ, मेरे खाते मे वापस भेज दीजिये, सुजीत ने मैसेज पढ़ ठग की बात पर भरोसा कर लिया तथा तीन बार दो हजार, एक बार तीन हजार की रकम कुल नौ हजार रुपए वापस भेज दिया फिर बैलेंस देख ते ही पैरो तले जमीन तरक गयी, ठगी की आशंका होते ही मंगलवार को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा थाने पर गुहार लगाई है।

## निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण आज

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि शासनादेश द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। उन्होने बताया है कि मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम कराया जाना है। इसके साथ ही जनपद में उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि ऑयल कम्पनी से समन्वय करते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत न्यूनतम 100-150 लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से लोकभवन सभागार, लखनऊ में निःशुल्क सिलेण्डर से सम्बन्धित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में किया जाएगा।

# शासकीय योजनाओं की डीएम ने किया समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा विकास खंड बदलापुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स (बीएलबीसी) की द्वितीय तिमाही बैठक में आकस्मिक रुप से प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त शासकीय योजना की समीक्षा की गई और लक्ष्य प्राप्ति हेतु उचित निर्देश दिए गए।

पीएम सूर्यघर योजना, सीएम युवा उद्यमी योजना, सीसी लिंकेज खातों में प्रगति लाने हेतु बैंकों के अधिकारियों के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। बदलापुर महोत्सव में बैंकों को सरकार प्रायोजित समस्त योजनाओं मे प्रतिभाग करने के भी निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया तथा लोगो को इससे अच्छादित करने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली बैंक सखी बिंदु कनौजिया, मंजू चौधरी को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बदलापुर महोत्सव को लेकर क्या तैयारी चल रही है उसकी जानकारी ली और उन्होंने सभी बैंकर्स एनआरएलएम एवं बैंक सखी से वार्ता किया तथा बदलापुर महोत्सव में स्टाल लगाने हेतु निर्देशित किया। ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी बदलापुर अग्रणी जिला प्रबंधक, वित्तीय सलाहकार, आजीविका मिशन के प्रतिनिधि, बैंक जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधकगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीवित को मृत दिखाया, जमीन दूसरे के नाम दर्ज



जौनपुर। केराकत तहसील में एक जीवित व्यक्ति को राजस्व रिकॉर्ड में मृत घोषित कर उसकी करोड़ों की जमीन कथित तौर पर हड़प ली गई है। पीड़ित रघुनंदन ने हल्का लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार पर अपने पद का दुरुपयोग कर आपराधिक षड्यंत्र रचने का गंभीर आरोप लगाया है। केराकत तहसील के नेवादा निवासी रघुनंदन पुत्र गिरधारी ने जिलाधिकारी को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि वह आराजी संख्या के संक्रमणीय भूमिधर हैं। यह जमीन उन्होंने अपनी कमाई से बैनामे के जरिए खरीदी थी और आज भी इसके मालिक व काबिज हैं। उनके तीन बेटे अशोक, घनश्याम और राधेश्याम हैं।

रघुनंदन के अनुसार, 7 अक्टूबर को जब उन्होंने अपनी जमीन की खतौनी प्राप्त की, तो उन्हें पता चला कि उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। खतौनी में उनकी पूरी संपत्ति सनोहर और मनोहर नामक व्यक्तियों के नाम श्वारिसानश के रूप में दर्ज कर दी गई है, जिन्हें रघुनंदन का पुत्र दशार्या गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हल्का लेखपाल ने अपने कानूनगो और तहसीलदार के साथ मिलकर साजिश रची। उन्होंने सनोहर और मनोहर, जिनके पिता का नाम अज्ञात दशार्या गया है, के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी की। जानबूझकर रघुनंदन को मृत घोषित कर उनकी मूल्यवान संपत्ति को कूटरचना और छल से इन व्यक्तियों के नाम हस्तांतरित कर दिया गया। इस धोखाधड़ी का पता चलने पर रघुनंदन ने तत्काल हल्का लेखपाल से संपर्क किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने केराकत थाने में लिखित शिकायत दी, जहाँ भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अब उन्होंने न्याय के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

# शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करने पर डीएम को किया सम्मानित



सोनभद्र। शिक्षा के क्षेत्र में यूज डेटा कॉन्टेस्ट नवाचार में सोनभद्र को देश में तृतीय स्थान व प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया, इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि यह सम्मान जनपद सोनभद्र को प्राप्त होना गौरव का विषय है, इसी तरह से जनपद में नवाचार करके विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि अर्जित कर विकास के लिए तत्परता से कार्य किया जाये, जिससे जनपद अन्य क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो। उन्होंने जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सोनभद्र की उस नवाचारपूर्ण पहल का परिणाम है, जिसके अंतर्गत डैशबोर्ड टू मॉनिटर निपुण भारत मिशनह्व विकसित किया गया था। इस प्रणाली का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर को क्रमिक रूप से सुधारना और उसकी सतत निगरानी करना था।

कक्षावार अधिगम लक्ष्य निर्धारित किए गए और उपचारात्मक शिक्षण की मदद से छात्रों को निर्धारित स्तर तक पहुँचाया गया। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी के लिए विकसित डिजिटल प्रणाली ने सोनभद्र को शिक्षा क्षेत्र में नवाचार का केंद्र के रूप में स्थापित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, ब्लाक प्रमुख नगवां आलोक सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि विकास मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुकुल आनंद पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## गमछे के सहारे झूलता मिला युवक का शव

● पत्नी ने सास, जेठ और जेठानी पर लगाया हत्या का आरोप

आजमगढ़। जिले के सगड़ी तहसील के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर जमालुद्दीन पट्टी गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। 28 वर्षीय देवेंद्र प्रजापति का शव मंगलवार सुबह घर से 700 मीटर दूर सिवान में नाले के पास नीम के पेड़ पर गमछे के सहारे लटका मिला।

मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या करार देते हुए सास, जेठ और जेठानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। देवेंद्र प्रजापति की शादी 1 जून 2025 को गुड्डी देवी से हुई थी। गुड्डी का आरोप है कि शादी के बाद से ही सास, जेठ और जेठानी द्वारा दहेज के लिए देवेंद्र को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस सिलसिले में 15 दिन पहले जीयनपुर कोतवाली में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज किया गया था। इसके अलावा, एक सप्ताह पहले भी मारपीट और पैसे की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। गुड्डी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर भी परिवार में तनाव था, जिसमें सास, जेठ और जेठानी कथित तौर पर देवेंद्र से जमीन अपने नाम करवाना चाहते थे। गुड्डी का दावा है कि इसी विवाद में देवेंद्र की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया। शव मिलने के बाद गांव की दर्जनों महिलाएं और पुरुष जीयनपुर कोतवाली पहुंचे और कोतवाली का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला संवेदनशील होने के कारण इलाके में तनाव का माहौल है, और पुलिस ने स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।

## निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत



जौनपुर। बदलापुर कस्बे में एक निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। मृतक की पहचान तेजी बाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी 27 वर्षीय अजय हरिज के रूप में हुई है। अजय हरिज चैथी मंजिल से प्लाई नीचे दे रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। वह चार मंजिला ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अजय, सरोखनपुर निवासी ठेकेदार रामजीत हरिजन के अधीन काम कर रहा था। यह मकान बदलापुर कस्बा निवासी दीपक निगम पुत्र बंशीधर निगम का था, जहाँ निर्माण कार्य चल रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों और श्रमिकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को हेलमेट, हैनमेट सेफटी बेल्ट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराये जाने से ऐसे हादसे होते है।

# 4781.8 लीटर विदेशी शराब बरामद



आजमगढ़। आजमगढ़ पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई में कंधरापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में 4781.8 लीटर अवैध विदेशी शराब, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है, के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई 13 अक्टूबर 2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार कन्नौजिया और एसटीएफ निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 229 किमी के पास एक संदिग्ध कंटेनर वाहन में अवैध शराब ले जाई जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए 232 किमी टोल प्लाजा के पास वाहन को रोका गया। पूछताछ में चालक भीमा राम (25) और सहयोगी योगेश कुमार (24), दोनों बाड़मेर, राजस्थान के निवासी, ने स्वीकार किया कि वे चंडीगढ़ से बिहार शराब तस्करी कर रहे थे। वाहन की जांच में 537 पेटियों में 2724 बोतल (750 मिली), 4032 बोतल (375 मिली), और 6816 बोतल (180 मिली) की शराब बरामद हुई। जांच में पता चला कि शराब की बोतलों पर लगे क्यूआर कोड और वाहन के चेसिस नंबर में फजीर्वाड़ा किया गया था। अभियुक्तों ने बताया कि वे आशु और राहुल नामक व्यक्तियों के इशारे पर तस्करी कर रहे थे। उनके पास से 4600 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और कंटेनर वाहन भी जब्त किया गया। इस मामले में थाना कंधरापुर में मुकदमा संख्या 317/2025, धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम और 318(4) बीएन के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 1478 किग्रा सड़ा खोया कराया गया नष्ट



मीरजापुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा प्राप्त अभिसूचना के क्रम में जनपद के मुकेरी बाजार स्थित खोया मंडी की सघन जांच पड़ताल करते हुए शिवम सिंह के स्टोरेज पर छापा मार कारवाही कि गई, अत्यधिक गंदगी वा अस्वास्थ्यकर स्थिति में सड़ा गला खोया स्टोर रखा पाए जाने पर नमूना लेते हुए किग्रा खोया को नियमानुसार नष्ट कराया गया है।

इस दौरान कुल 1478 किग्रा अनुमानित मूल्य 355200 नष्ट कराया गया। दरअसल, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को सहायक आयुक्त खाद्य क्कके नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा प्राप्त अभिसूचना के क्रम में जनपद के मुकेरी बाजार स्थित खोया मंडी की सघन जांच पड़ताल करते हुए शिवम सिंह के स्टोरेज पर छापा मार कारवाही कि गई। जहां अत्यधिक गंदगी वा अस्वास्थ्यकर स्थिति में सड़ा गला खोया स्टोर रखा पाया गया।

मौके पर नमूना लेते हुए 1500 किग्रा खोया को नियमानुसार वनष्ट कराया गया। एवं खाद्य कारोबारकर्ता को नोटिस दी गई वा खाद्य कारोबारकर्ता को नोटिस के अनुपालन तक खाद्य कारोबार बंद रखने हेतु निर्देश किया गया। मौके पर सहायक आयुक्त खाद्य मंजुला सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश झा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, रवि शेखर, राजेश मौर्य, संदीप सिंह, भैया लाल प्रजापति व स्थानीय पुलिस बल उपस्थित रहे।

## बाइक सवार को बचाने में दर्शनार्थियों से भरा ऑटो पलटा

जिला संवाददाता(vol)

लालगंज, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित रतेह गांव में पेट्रोल पंप के पास दर्शनार्थियों को लेकर जा रहा आटो सामने जा रही बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। आटो में सवार महिला और उसकी नातिन घायल हो गई।

प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के टिकर मर्यादपुर गांव निवासी 45 वर्षीया सविता देवी पत्नी प्रेम शंकर अपनी बेटी आराधना की एक वर्षीया पुत्री का मुंडन संस्कार कराने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आटो से गड़बड़ा धाम गई थी। दोपहर में मुंडन संस्कार कराने के बाद सभी लोग अपने घर वापस जा रहे थे। आटो जैसे ही रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो आगे चल रहे बाइक सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिया बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दर्शनार्थियों से भरा आटो सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। हादसे में आटो सवार सविता देवी उनकी दस वर्षीया नातिन नेहा पुत्री कन्हैया सिंह निवासी नीबी मगरहा थाना खीरी जिला प्रयागराज घायल हो गए संयोग था कि घटना में अन्य सवारियां बाल बाल बच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क पर पलटे आटो को सीधा करवाया और घायल महिला और बालिका को उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल महिला और बालिका का उपचार किया। महिला के बांए हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं वहीं बालिका की हालत सामान्य है। परिजन प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उपचार हेतु आटो से प्रयागराज लेकर चले गए। घटना की सूचना पाकर अस्पताल में पहुंचे एसआई मनसुख यादव ने घटना के संबंध में आटो चालक धीरेन्द्र कुमार और परिजनों से जानकारी ली। आटो चालक धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आटो में बच्चों सहित कुल छह सवारियां बैठी थी जिसमें अन्य लोग बाल बाल बच गए।

## काम में लापरवाही पर सहायक अभियंता की सेवा समाप्त

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने मूल्यांकन भवन के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया। इस बीच कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सेवानिवृत्ति के बाद संविदा पर तैनात सहायक अभियंता की सेवा समाप्त कर दी। दीक्षांत समारोह के दौरान मंच से राज्यपाल ने मूल्यांकन भवन के निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने सवाल उठाया था कि विश्वविद्यालय के भीतर इतने संसाधन होने के बावजूद निर्माण की निगरानी और पारदर्शिता नहीं है। राज्यपाल की इस टिप्पणी के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने स्तर से वहां चल रहे कार्यों की मॉनीटरिंग व मूल्यांकन भवन के निर्माण की समीक्षा शुरू की। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की देखरेख, मॉनीटरिंग व रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता मदन कुमार चतुवेर्दी को सौंपी थी। उन्हें इसके लिए प्रतिदिन 2500 रुपये व प्रतिमाह अधिकतम 50 हजार रुपये मासिक मानदेय पर रखा गया था। राज्यपाल की टिप्पणी के बाद विश्वविद्यालय ने मूल्यांकन भवन एवं अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं की के लिए जांच समिति गठित की। समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में मदन कुमार चतुवेर्दी द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जवाबदेही में कमी मिलने की बात कही। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बाला साहब देवरस मल्टी परपज हाल सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट में तथ्यात्मक त्रुटियां हैं और लापरवाही बरती गई है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से मदन कुमार चतुवेर्दी की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है।

## पराली न जलाये जाने को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र शासन, राष्ट्रीय हरित अभिकरण एवं सर्वोच्च न्यायालय तथा मुख्य सचिव उप्र द्वारा गन्ने की पत्ती, पराली एवं शहरी कूड़ा अपशिष्ट न जलाये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में ही विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं। वर्तमान खरीफ 2025 में जनपद में पराली जलाये जाने की घटना को शून्य किये जाने का लक्ष्य है। उन्होने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि विगत 3 वर्षों में जनपद में पराली जलाये जाने की घटनाओं के दृष्टिगत अपने अधिकार क्षेत्र में फसल अवशेष न जलाये जाने तथा पराली प्रबन्धन के सम्बन्ध में कृषकों को जागरुक करते हुए इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की कार्यवाही ससमय सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि अपनी तहसील में पराली जलाये जाने की घटना को शून्य किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक रणनीति तैयार कर सम्बन्धित को यथावश्यक दिशा-निर्देश निर्गत करना सुनिश्चित करें, तथा इसकी मानीटरिंग प्रतिदिन स्वयं करते हुए डीएम को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी को 20 वर्ष की कैद

सोनभद्र। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने एवं गर्भवती किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी रतेश कुमार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 40 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। वहीं चार अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया गया।

## बुनकरों को मुख्य धारा में लाने के लिए उठाया जाये ठोस कदम

आजमगढ़। बुनकर समुदाय की समस्याओं के समाधान को लेकर पीस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कोषाध्यक्ष सुफियान अहमद की अगुवाई में मंगलवार को राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिला कोषाध्यक्ष सुफियान अहमद ने कहाकि बुनकर समाज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखते है और यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और हस्तकला का प्रतीक हैं। इसके बावजूद मऊ, भदोही, वाराणसी, मिजापुर, मुबारकपुर-आजमगढ़, आदि बुनकर बाहुल्य क्षेत्र में लाखों बुनकरों की समस्याओं का निराकरण नही हो रहा है। सरकार को बुनकरों की हालत सुधारने के लिए पीस पार्टी के सात सूत्री मांगों को पूरा करना चाहिए तभी उनकी आर्थिक, समाजिक उत्थान होगा और वह मुख्य धारा में आ सकेंगे। उन्होंने कहाकि हमारी मांगों में बुनकरों को आज भी मजदूरी दशकों पुरानी दरों पर मिल रही है जो आज की महंगाई में अपर्याप्त है। विभिन्न जिलों में बुनकरों की औसत मासिक आय 2,500 से महज 4,000 तक सीमित है, जो ग्रामीण उत्तर प्रदेश में गरीबी रेखा (लगभग 32,000 वार्षिक प्रति व्यक्ति) से काफी नीचे है, अनाधिकृत बकाया बिजली बिल के आर्थिक बोझ से मुक्ति दिलाया जाए, कच्चे माल की बढ़ती लागत धागा और अन्य कच्चे माल की अनियमित आपूर्ति और बढ़ती लागत एक बड़ी समस्या है। बुनकरों को महंगे दामों पर बाहर से कच्चा माल खरीदना पड़ता है। चिकित्सा एवं सामाजिक सुरक्षा का अभाव कपास की धूल से बाइसिनोसिस (श्वास रोग), जो 20-30 प्रतिशत कपास बुनकरों को प्रभावित करता है, और टीबी बुनकर समुदाय में आम है, बुनकरों को आयुष्मान भारत जैसे स्वास्थ्य बीमा या पेंशन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी स्थिति दयनीय है आदि सहित सात सूत्री मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में इमरान अहमद, गुलाम रब्बानी सोनू, मजर मनोज राव, श्याम मुन्ना खान, एहसान आदि शामिल रहे।

## राजबीर सिंह यादव की जमानत याचिका खारिज

मीरजापुर। सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा (द्वितीय) की अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए आरोपी राजबीर सिंह यादव की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।मामला थाना कोतवाली शहर, मीरजापुर में दर्ज एक मुकदमें से जुड़ा है, जिसमें आरोपी पर धारा 299, 196, 353, 61(2), 338, 336(3), 340(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत गंभीर आरोप लगे हैं। सरकारी अधिवक्ता आलोक कुमार राय ने अदालत में तर्क दिया कि आरोपी राजबीर सिंह यादव ने सह अभियुक्ता सरोज सरगम को पैसे और पुस्तकें उपलब्ध कराईं, जिसके आधार पर देवी मां दुर्गा पर अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी वाला गाना गाया गया। अभियोजन ने बताया कि आरोपी के पास से दो आधार कार्ड, बहुजन नायक महिषासुर नामक विवादित साहित्य, 21 रसीद बुक्स और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। साथ ही अभियुक्त पर ?25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। वहीं बचाव पक्ष का पक्ष आरोपी की ओर से अधिवक्ता रामधन यादव ने तर्क दिया कि राजबीर यादव निर्दोष हैं। उन्हें फर्जी तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने कोई पैसा या प्रलोभन नहीं दिया, न ही किसी प्रकार की धार्मिक टिप्पणी में उनका हाथ है। बचाव पक्ष ने यह भी कहा किगिरफ्तारी अवैध रूप से की गई, पुलिस ने धारा 35अ का पालन नहीं किया, आरोपी को 24 घंटे से अधिक अवैध हिरासत में रखा गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि जिस पुस्तक को लेकर विवाद बताया जा रहा है, वह 2017 और 2019 में प्रकाशित हुई थी और अब तक उस पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। न्यायालय का निर्णय अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और केस डायरी का अवलोकन करने के बाद कहा कि मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का है। आरोपी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया ऐसे तथ्य मौजूद हैं जो उसके अपराध में संलिप्तता दशार्ते हैं।न्यायालय ने कहा कि विवेचना अभी जारी है और इस स्तर पर जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं है। इसलिए अदालत ने आरोपी राजबीर सिंह यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। यह मामला एक वायरल वीडियो से जुड़ा है, जिसमें गायिका सरोज सरगम द्वारा देवी दुर्गा के खिलाफ कथित रूप से अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया था। वीडियो के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया था। अभियोजन का कहना है कि यह पूरा गिरोह धार्मिक भावनाओं को भड़काने और समाज में विभाजन फैलाने का काम कर रहा था। अब तक की स्थितिः राजबीर सिंह यादव पुलिस हिरासत में हैं। मामला विवेचना के अधीन है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि जमानत देने का अभी कोई आधार नहीं है। अगली सुनवाई की तारीख फिलहाल तय नहीं की गई है।

## अवैध कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान क्षेत्रांतर्गत मुसहर बस्ती मोड़ देवरीकलां से राजेन्द्र सोनकर पुत्र मिश्री लाल निवासी देवरीकलां थाना मड़िहान को 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। इसी तरह थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत चन्दनपुर मोड़ से आरोपी शिवशंकर पुत्र रामबालक निवासी ग्राम खोराडीह चन्दनपुर थाना राजगढ़ को प्लास्टिक की बोरी में रखे कुल अवैध देशी शराब 25 टेट्रा पैक, 200 एमएल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

संक्षेप

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बहराइच।** एसपी जनपद बहराइच द्वारा अपराध नियंत्रण व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एएसपी नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के निर्देशन में श्री विनय कृष्ण औषधि निरीक्षक एवं थाना स्थानीय के पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र से ऐलोपैथिक नशीली दवाये एमरेक्स सिरफ 1102 शीशी व स्पासनोबोन कैप्सूल 51840 अदद (नारकोटिन प्रकार के) बरामद करते हुये थाना स्थानीय पर मुअस230/2025 धारा 8/21, 8/22, 8/25, 8/29 पंजीकृत कराया गया । मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त 1अली सरीम मेकरानी पुत्र अक्तर अली निवासी मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ बहराइच 2 मो. आफताब पुत्र जियाउल हसन निवासी काजीकटरा थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के आदेशो निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में रवाना किया गया ।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक का मिला शव

**देवरिया।** देवरिया जनपद के भाटपाररानी थाना क्षेत्र में एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब उसी गाँव के पोखरे के पास एक युवक का शव मिला। शव मिलने की खबर पूरे गाँव मे आग की तरह फैल गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के शव को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है।जहा पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की छानबीन में जुट गयी है। आज सुबह भाटपाररानी थाना क्षेत्र के बरईपार तालाब के पास गाँव के लोग शौच के लिए जा रहे थे कि उनकी नजर तलाब किनारे खून से लथपथ एक युवक के शव पड़ी। यह देख ग्रामीण शोर मचाने लगे देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। वही लोगो इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुचे एडिशनल एसपी सुनील कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुचे। जहा युवक की पहचान मन्नू यादव(20) पुत्र रमेश यादव निवासी ग्राम कोठिलवा थाना बनकटा के रूप में युवक के चाचा ने की।

## देवरिया की 108, 102 एंबुलेंस को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**देवरिया।** आपदा और आपातकालीन समय मे अपनी अहम भूमिका निभाते हुये लोगो की जान बचाने में जीवनदायनी साबित हो रही डायल 108 व 102 एम्बुलेन्स में कार्य करने वाले कर्मियों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। वही उत्तर प्रदेश सरकार के 108 और 102 एंबुलेंस विभाग द्वारा संचालित देवरिया की एंबुलेंस सेवाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।यह सम्मान लखनऊ में आयोजित एक समारोह में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 108 व 102 एम्बुलेन्स सेवा में कार्य करने वाले कर्मियों की उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान ईएमआरआइ संस्था द्वारा प्रदान किया गया। देवरिया टीम की ओर से ईएमटी प्रियंका और पायलट श्री सन्नी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। जिसके बाद देवरिया टीम में गौरव व खुशी की लहर है। जहां देवरिया जिले 108 व 102 एम्बुलेन्स के सुपरवाईजर राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि 108 और 102 टोल-फ्री एंबुलेंस सेवाएं आम जनता तक पहुंचने और जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# चीनी मिल परिक्षेत्र में मशीन से गन्ना बुआई का शुभारंभ

## लागत, समय की बचत के साथ मजदूरों की समस्या होगी दूर



**कुशीनगर।** अवध चीनी मिल ढाढा परिक्षेत्र में शरद कालीन गन्ना बुआई प्रारम्भ हो गया है। हाटा विकाशखण्ड के ग्राम पाटनी में गन्ना बुवाई शुभारंभ मिल के अधिशासी अध्यक्ष गन्ना रविन्द्र कुमार सिंह व पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने पूजन अर्चन व नारियल तोड़कर किया। सोमवार को किसान रामज्ञान सिंह के खेत में आटोमेटिक केन प्लान्टर द्वारा गन्ना प्रजाति 15023 बुआई कार्यक्रम में मनोज विश्नोई सहायक उपाध्यक्ष गन्ना, अजीत सिंह गन्ना प्रबंधक ने कहा कि जिन किसान के पास गन्ना नही है उनको 10 कुन्तल गन्ना बीज 50% अनुदान पर दिया जा रहा है। गन्ना विकास कर्मचारी रामभरोसे ने बताया कि 30 किसानों ने गन्ना बोने के लिये नाम नोटे कराये हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि शरद कालीन गन्ना बुवाई का उद्देश्य, क्षेत्रफल बढाना, कृषकों को गन्ने की उन्नत प्रजातियां उपलब्ध कराना, तोरिया, गेंहू का बीज 50% अनुदान पर उपलब्ध कराना, कृषकों द्वारा बीज गन्ना की मांग नोट करना आदि की समीक्षा प्रतिदिन मिल के अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता कर रहे हैं। किसान श्री सिंह ने बताया कि आटोमेटिक मशीन से गन्ना बोने से समय, लागत में कम आएगी। मजदूरों की समस्या नहीं होगी। चार फुट की दूरी पर गन्ना बो रहा हूँ। सह फसली के रूप में तोरिया का बो रहे हैं। किसान अनिरुद्ध सिंह ने छोटा ट्रैक्टर की मांग किया। इस अवसर पर उदयभान सिंह, रविप्रताप, रामध्यान सिंह, जयकिशन, केदार गोड, अनिरुद्ध उपस्थित थे।

## अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण

**देवरिया।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया।नोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। सचिव के द्वारा बच्चों की स्थिति, देखभाल व्यवस्था, पोषण, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था हेतु विस्तार से जानकारी ली गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष देखभाल व बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रेमपूर्ण वातावरण के लिए निर्देशित किया गया।

## ग्राम पंचायतों की शिकायतों की जांच को समितियों का गठन

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने आदेश जारी कर जनपद की तीन ग्राम पंचायतों में प्राप्त शिकायतों की प्रारंभिक जांच हेतु समितियों का गठन किया है। डीएम द्वारा उप्रपंचायत राज अधिनियम की धारा-95 (1) एवं संबंधित जांच नियमावली के प्रावधानों के तहत यह आदेश निर्गत किया गया है। इसमें ग्राम पंचायत पिपरा बुजुर्ग (विकास खंड नेबुआ नौरंगिया) हेतु नामित जांच अधिकारी के रूप में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अवर अभियंता, ग्राम्य विकास विभाग, नेबुआ नौरंगिया को नामित किया गया है। ग्राम पंचायत रामपुर बांगर (विकास खंड खड्डा) के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अवर अभियंता, निर्माण खंड, लोनिवि को तथा ग्राम पंचायत रामपुर गोनहा (विकास खंड खड्डा) हेतु जांच अधिकारी के रूप में जिला कृषि अधिकारी, अवर अभियंता निर्माण खंड, लोनिवि को नामित किया गया है। डीएम ने निर्देशित किया है कि नामित अधिकारी शिकायत पत्रों का बिंदुवार स्थल निरीक्षण कर अभिलेखीय जांच पूरी करें तथा जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं व संबंधित ग्राम प्रधानों के बयान दर्ज करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही है, ताकि जन शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

### तहसीलदारों का स्थानांतरण और नवीन तैनाती

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी द्वारा जनपद के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदार के स्थानांतरण/तैनाती संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश जनहित एवं शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार महेश कुमार तहसीलदार खड़डा को स्थानांतरित करते हुए तहसीलदार (न्यायिक) तमकुहीराज के पद पर तैनात किया गया है। सुनील कुमार सिंह तहसीलदार तमकुहीराज को स्थानांतरित कर संबद्ध कलक्ट्रेट मुख्यालय में तैनात किया गया है। इन्हें सीलिंग से संबंधित मामलों, मा0 उच्च न्यायालय एवं उच्चतर न्यायालय में लंबित वादों की पैरवी कर निस्तारण कराने हेतु संबद्ध किया गया है। अभिषेक कुमार, नायब तहसीलदार खड़डा को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मूल कार्य के साथ-साथ तहसीलदार खड़डा के रिक्त दायित्वों का निस्तारण करेंगे।

## चीनी मिल नानपारा का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण कर मिल के आगामी पेराई सीजन संचालन (सत्र 2025-26) हेतु वर्तमान समय में मिल के मशीनरी उपकरणों के डिस्मेन्टलिंग, टेस्टिंग, चेकिंग व साफ-सफाई इत्यादि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम ने मिल प्रबन्धन को निर्देश दिया कि मिल का मरम्मत कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से पूर्ण कर लिया जाय ताकि मिल का संचालन निर्धारित तिथि से हो सके। साथ ही ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कि कृषकों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार समस्या न होन पाये। श्री त्रिपाठी ने मिल कार्मिकों का आहवान किया कि मिल के संचालन में गन्ना कृषकों एवं मिल के हितों को सर्वोपरि रखें। मिल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा मिल के गत पेराई सत्र 2024-25 में प्राप्त तकनीकी परिणामों एवं आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु स्वीकृत वार्षिक वित्तीय व्ययों पर नियन्त्रण व अनुशासन रखने, मितव्ययता/वित्तीय सुचिता को बनाये रखने के साथ-साथ वेतन एवं मजदूरी मद में नियमानुसार नियन्त्रण, स्वीकृत बजट के अन्दर निर्धारित लक्ष्यों के अनुपात आवश्यक कार्यवाही हेतु मिल अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए आवयक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा श्रीमती मोनालिसा जौहरी, प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिल, नानपारा श्रीमती ज्योति मौर्या, मुख्य अभियन्ता वीरेन्द्र कुमार, मुख्य रसायनविद गजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार गीतेन्द्र कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों के आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2024-25 में समस्त वर्गों के वंचित छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने हेतु नवीन समयसारिणी जारी की गई है। विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 18 अक्टूबर 2025 तक, छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण की जानी है। इसी प्रकार शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन-पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य 02 नवम्बर 2025 तक किया जाना है।

## छोटे भाई की पत्नी ने भांजे संग मिल करायी थी चोरी 4 गिरफ्तार, दस लाख के जेवर व नगदी बरामद

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र के मंसूरगंज इलाके में स्थित एक मकान में पांच दिन पूर्व दिनदहाड़े दस लाख की चोरी की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था । पुलिस अधीक्षक ने घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे । जिसके बाद दरगाह पुलिस ने पांच दिन के अंदर घर की छोटी बहु उसके समेत चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए चोरी किए गए जेवर न नगदी को बरामद किया है । मंसूरगंज इलाके में रहने वाली सलमा बेगम पत्नी नसीम अपनी देवरानी बीते दस तारीख को अपनी देवरानी शमा के साथ दोपहर को सत्तीकुआं इलाके में शादी के कार्यक्रम में शामिल होने गई । जब वो शाम को वापस लौटी तो अलमारी व बक्सों का ताला टूटा देख सभी के होश उड़े गए । अलमारी में रखें दस लाख के जेवरात व 60 हजार नगद गायब थे । उन्होंने घटना की सूचना दरगाह पुलिस को दी जिसके बाद हड़कंप मच गया अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर दरगाह पुलिस व स्वाट टीम को खुलासे के निर्देश दिए थे । दोनों टीमें लगातार घटना के खुलासे के लिए लगी हुई थी । इसी दौरान टीम को सलमा की देवरानी शमा पर कुछ शक हुआ जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया । अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह , स्वाट प्रभारी मनोज सिंह यादव , उप निरीक्षक आशुतोष राय , कामेश्वर राय , नवनीत कुमार की टीम ने मॉल गोदाम रोड से शमा समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए दस लाख रुपए व 60 हजार की नगदी बरामद की है । उन्होंने बताया कि शमा उर्फ हुमा, सलमा बेगम के देवर वसीम की दूसरी पत्नी है । घटना के दिन शमा के पति व जेठ अपने दुकान पर चले गये थे जिसके वो सलमा के शादी में सत्तीकुआं गई थी । लेकिन उसके पहले ही उसने घर में चोरों का प्रवेश करा छत पर छुपा दिया था और शादी के कार्यकम से ही वो अपराधियों के संपर्क में थी ।

## ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट बनायें महिला प्रधान : डीपीआरओ रतन कुमार



**देवरिया।** देवरिया के सदर ब्लाक सभागार में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन जिले के महिला प्रधानों को प्रशिक्षित कर उन्हें ग्राम पंचायत को उत्कृष्ट बनाने और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जब परिवार की महिलाएं सशक्त होंगी, तभी देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि सशक्त ग्राम पंचायत के लिए सशक्त महिला प्रधान का भी होना जरूरी है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं खुद अपने ग्राम पंचायत का नेतृत्व कर उसे उत्कृष्ट बनाने की दिशा में कार्य करेंगी। इसलिए प्रशिक्षण में मिली जानकारी को गांव के विकास में लगाएं। डीपीआरसी सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका को और मजबूत बनाना तथा ग्राम स्तर पर सुशासन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षक मे आलोक तिवारी, प्रदीप मणि, अर्पिता द्विवेदी एडीओ पंचायत विंध्याचल सिंह, हरिपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने की 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा



**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं व्यय की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया गया।

सीडीओ ने कुल 692 योजनाओं में 291 योजनाओं के पूर्ण होने, तथा अवशेष लंबित योजनाओं की कार्यदाई संस्थावार समीक्षा कर निर्धारित तिथि तक परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने तथा किसी कारण बस परियोजनाओं के विलंब होने पर तिथि का एक्सटेंशन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खराब प्रगति वाले कार्यों की समीक्षा अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, यूपी आर एन एस, द्वारा 82 प्रतिशत कार्यों के पूर्ण होने पर प्रगति लाने का निर्देश दिए गए इसी प्राक अंतर्गत उ0 प्र0 जल निगम द्वारा 87 प्रतिशत, यूपी पीसीएल द्वारा 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर बजट की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्धारित तिथि के भीतर पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा दौरान ए श्रेणी/बी श्रेणी/ सी श्रेणी में प्रदर्शित होने वाले निर्माण कार्यों की एक एक कर समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों में मुख्य रूप से हिरण्यवती नदी के सौंदर्यीकरण का कार्य,पुलिस आवास, दुर्गा मंदिर का निर्माण कार्य, नरसिंह कॉलेज निर्माण कार्य,साइबर थाने का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सालयों के निर्माण कार्य,बांसी धाम का निर्माण कार्य,पावा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य,बुद्धा पार्क, नवीन थाना (पर्यटन)निर्माण कार्य सहित सभी 50 लाख से ऊपर के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा कर तय तिथि अंतर्गत पूर्ण किए जाने हेतु सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कार्य में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## त्योहारों में खरीदें स्वदेशी सामान : अलका सिंह



- राजेश कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**देवरिया।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शहर के देवरिया क्लब में आयोजित स्वदेशी मेले के छठवें दिन की मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष अलका सिंह तथा नपा बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल तथा स्वदेशी मेला के जिला संयोजक राजेश कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को सिलाई मशीन और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि आने वाले त्योहारों में सभी जनपदवासी यहां के स्वदेशी समानों की ही खरीददारी करें । इससे हमारे स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी । बरहज नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना होगा इसके लिए सभी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है । जिला उपाध्यक्ष व स्वदेशी अभियान के संयोजक राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे यहां निर्मित स्वदेशी उत्पाद इकोफ्रेंडली है तथा पर्यावरण और स्वास्थ्य प्राकृतिक रूप से ठीक रखते हैं । यहां निर्मित मिट्टी के बर्तन मूंज की डलिया तथा सूती वस्त्रों की मांग अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता मुकुल मणि त्रिपाठी, कवियत्री प्रतिभा यादव, रामनगिन यादव, डा राजेश गुप्ता, डा अजय शाही नोडल अधिकारी एस सिद्दीकी, डी सी एन आर एल एम आलोक पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

**कुशीनगर।** जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के आरम्भ में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, विंग कमांडर आलोक सक्सेना (अ.प्रा०) ने उपस्थित अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों का स्वागत किया। इसके उपरांत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा 23 सितम्बर 2025 की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। मंगलवार के बैठक में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 31 पूर्व सैनिक, विधवाएं, आश्रितों को पेंशन, सहायता एवं अन्य लाभ प्रदान किए जा चुके हैं। शेष पात्र लाभार्थियों के मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र व्यक्तियों के आवेदन समयबद्ध रूप से निस्तारित किए जाएं। बैठक दौरान डीपीटीओ नितेश सिंह, 50 यूपी बटालियन एनसीसी के अधिकारी, कप्तान श्यामसुंदर अस्थाना, कप्तान लाल बहादुर, कप्तान दयाशंकर पाठक, अनिल सिंह, अमित त्रिपाठी सहित अनेक पूर्व सैनिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन प्रमाकर नाथ तिवारी, सहायक, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में राजेश कुमार गुप्त, श्रीमती धर्मशीला देवी, जालेंद्र प्रसाद सहित सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## खेल आनन्द अनुशासन और आजीवन कौशल का स्रोत : अजयमणि त्रिपाठी



**भटनी(देवरिया)।** नेशनल पब्लिक स्कूल सलेमपुर रोड शाखा पेट्रोल पम्प चाँदपार भटनी के संयुक्त टीम क्रिकेट आकदमी उदघाटन नवल्स आकदमी के प्रबन्ध निदेशक गोरखपुर सी बी एस सी स्कूल एसोशिएशन के अध्यक्ष एवं भाजपा गोरखपुर के संजयन त्रिपाठी व स्कूल प्रबन्ध निदेशक संजय शंकर मिश्र ने संयुक्त रुफ से किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि को प्रधानानाचार्या मृदुला सिंह बघेल ने स्मृति चिन्ह व शाल अंगीकार कर किया स्वागत । कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रत्येक बच्चों का विकास करने अवसर मिलता है जिससे अपने व देश के विकास में अहम भूमिका निभाते है ।आनन्द अनुशासन और आजीवन कौशल का स्रोत है ।खेल मे हार जीत एकही सिक्के के दो पहलू है ।खेद तो नेतृत्व क्षमता का प्रतीक होता है । इस अवसर पर प्रबन्धक अशोक मिश्र अनिल मिश्र प्रधानानाचार्या अंजू मिश्रा शाखा पेट्रोल पम्प चाँदपार भटनी सहित स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ऐतिहासिक होगा किसान मेला : भूपेंद्र सिंह

- ट्रैक्टर के साथ शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करेगा किसान मोर्चा : पवन मिश्र

**देवरिया।** जनसंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,स्व. श्री रविंद्र किशोर शाही जी की 43वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के आचार्य नरेंद्र देव इण्टर कॉलेज, नगर पंचायत पथरदेवा में 17 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित दो दिवसीय विशाल किसान मेलाके दृष्टिगत पथरदेवा, देवरिया, रामपुर विधानसभा के भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारीगण की तैयारी बैठक निरीक्षण भवन देवरिया में सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पथरदेवा में आयोजित होने वाले दो दिवसीय किसान मेला में किसान मोर्चा की भूमिका महत्वपूर्ण है, किसान मोर्चा के पदाधिकारी किसानों के बीच मे इस मेले का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को कार्यक्रम स्थल पर लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि किसान मेला ऐतिहासिक होगा।

प्रभारी किसान मोर्चा श्रीनिवास मणि ने कहा कि किसान मोर्चा प्रत्येक मण्डल से किसानों की सहभागिता इस किसान मेला में कराए, जिससे पूरे जनपद के किसान इससे लाभान्वित हो सके। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि किसान मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी को किसान मेले को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी, 18 तारीख को किसान मोर्चा द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत 51 ट्रैक्टर के साथ ब्लाक गेट पथरदेवा के पास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से भगवान यादव, रविन्द्र राय उर्फ कुँवर, नागेन्द्र सिंह,मुकेश राय, रत्नेश मिश्र, ध्रुवदेव शाही, प्रभुनाथ पाण्डेय, अरुण मिश्र, गब्बर दुबे, विनोद दुबे, प्रमोद पाण्डेय, विवेक मणि, सिकंदर राय उपस्थित रहे।

## उम्मीद परियोजना का विस्तार बहराइच के सभी ब्लॉकों में



**बहराइच।** सीएमओ की अध्यक्षता में सीएचसी जरवल के सभागार कक्ष में उम्मीद परियोजना के विस्तार के लिए ब्लॉक महसी, रिसिया, नवाबगंज, चित्तौरा एवं हुजूरपुर के अधीक्षक तथा बीसीपीएम/बीपीएम के साथ क्रॉस लर्निंग विजिट के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। परियोजना का संचालन मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से किया जा रहा है। बैठक के दौरान परियोजना की विस्तृत जानकारी बी.के. जैन एसोसिएट लीड-प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन एवं डॉ. शोभा कन्सल्टेंट-स्टेट कैपसिटी बिल्डिंग, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया लखनऊ ने दी। बी.के. जैन ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत काउंसलिंग कार्नर स्थापित किए गए हैं तथा आशा, ए.एन.एम. और सीएचओ को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसके परिणामस्वरूप परिवार नियोजन सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है और काउंसलिंग सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर परिवार कल्याण सेवाओं की गुणवत्ता और क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना है। इससे दंपतियों को सुरक्षित, योजनाबद्ध मातृत्व के अवसर मिल रहे हैं तथा दो बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का अंतर और अनचाहे गर्भ से सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, जिससे मातृ व शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। पहले यह परियोजना 9 ब्लॉकों मोतीपुर, शिवपुर, तेजवापुर, पयागपुर, विशेश्वरगंज, फखरपुर, कैसरगंज, जरवल और बलहा में में संचालित थी, अब इसे सभी 14 ब्लॉकों में विस्तारित किया गया है।

इस अवसर परसीएमओ डॉ संजय शर्मा ने उम्मीद परियोजना के अंतर्गत संचालित परिवार नियोजन व किशोर-किशोरी स्वास्थ्य सेवाओं की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने परिवार नियोजन और किशोर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच जन-जन तक सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में क्रॉस लर्निंग विजिट के दौरान प्रतिभागियों ने काउंसलिंग कार्नर का निरीक्षण किया और परामर्श सेवाओं की उपयोगिता एवं महत्व की बारीकियों से अवगत हुए। उन्होंने अपने-अपने ब्लॉकों में उम्मीद परामर्श केंद्र की स्थापना, प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियों के क्रियान्वयन पर चर्चा की। बैठक एवं विजिट के दौरान सीएचसी अधीक्षक जरवल डॉ.कुँवर रितेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम सरजू खान, डोनर प्रतिनिधि, मोबियस फाउंडेशन उत्तर प्रदेश प्रभात कुमार, राज्य निदेशक, पीएफआई उत्तर प्रदेश शिल्पा नायर सहित पीएफआई के जिला एवं ब्लॉक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वदेशी मेले में 7 दिव्यांगजनों को वितरित किये गये पेंशन स्वीकृति पत्र

**बहराइच।** इण्डिया. एक्सपो सेन्टर-मार्ट ग्रेटर नोयडा में आयोजित यू.पी.आई.टी.एस. की भाँति यू.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत गेंद घर मैदान में 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी ने भाजपा महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, उद्योग केन्द्र के सहायक प्रबन्धक जे.पी. यादव व अन्य के साथ 07 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता पेंशन स्वीकृति पत्र तथा 17 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। स्वदेशी मेले राजकीय इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा काव्य संध्या में कवियों एवं शायरों द्वारा प्रस्तुत काव्य रचनाओं का श्रोतागण द्वारा भरपूर आनन्द लिया गया। स्वदेशी मेले सम्बन्धित अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, उद्यमी एवं व्यापारी तथा आमजन मौजूद रहे।

# रोजगार रहित विकास

भारत की आर्थिक विकास दर लगातार बेहतर बनी हुई है। अमरीकी पाबंदियों के बावजूद भी आरबीआई और अन्य विदेशी एजेंसियों का अनुमान है कि भारत की जीडीपी सात फीसद की दर से बढ़ेगी। लेकिन रोजगार रहित विकास ने देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े उद्यम लग रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं है। इससे बेरोजगारी और आर्थिक विषमता का संकट बढ़ा है। ऐसे में सरकार को विकास के साथ अवसरों को सृजित करने के लिए रोजगार केन्द्रित उद्यमों को बढ़ावा देना होगा ताकि विकास के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ें। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन हो जायेगा। हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में




लाकर खड़ा करना है। अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतराल के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है, 2047 तक भारत विकसित देश बन पाता है या नहीं, मध्यम आया वाली अर्थव्यवस्था बनने में कितना समय लगेगा, ये तमाम सवाल अपनी जगह पर हैं और इनका जवाब समय के गर्भ में है। लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि अगर भारत को संपूर्ण रोजगार के लक्ष्य को हासिल करना है, तो इसका रास्ता एमएसएमई सेक्टर ही प्रशस्त कर सकता है। एमएसएमई जॉब ओरिएंटेड सेक्टर है और कम ऑटोमोटिव होने, श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण एमएसएमई सेक्टर में अगर प्रगति होती है तो सही मायने में रोजगार के मौके बनते हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां श्रम की बहुलता है। श्रम की उपलब्धता, लगातार बढ़ती समृद्धि और उसके परिणाम स्वरूप बढ़ी मांग ने एमएसएमई की संभावनाओं को भी पंख लगाने का काम किया है। यह भी कि सिर्फ सर्विस सेक्टर, कृषि, प्रकृति एवं डेयरी से जुड़े क्षेत्र और छोटे आकार की उत्पादन प्रणाली तक ही एमएसएमई की कहानी सीमित नहीं है। आज वैश्विक व्यापार में भी मध्यम, लघु और सूक्ष्म आकार के उद्यमों ने बड़ी सफलता दर्ज की है। इसलिए इस बात पर जाने की जरूरत नहीं है कि देश में एमएसएमई की संख्या कितनी है। यह संख्या फिलहाल छह करोड़ के करीब बतायी जा रही है। यह संख्या इतनी अधिक है कि अगर इसमें एक भी नया उद्यम न जुड़े और प्रति उद्यम औसतन दस रोजगार भी सृजित किये जा सकें, तो देश में इतने रोजगार के मौके बनेंगे कि युवाओं की संख्या कम पड़ जायेगी। इसलिए भारत सरकार को जीडीपी में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने, नये रोजगार के सृजन और मेक इन इंडिया, आत्म निर्भर भारत अभियान जैसे प्रयासों को सफल बनाने के लिए छोटे उद्यमों में अधिक फोकस करना चाहिए। आज बड़े उद्यमों को सरकार के सहयोग की जरूरत नहीं है। उनको केवल विकास परक नीति चाहिए आगे का रास्ता वे खुद तय कर लेते हैं। लेकिन छोटे उद्यमों को वित्तीय सहायता, कंसलटेंसी, विपणन सहायता, प्रौद्योगिकी, स्किल से लेकर सुगम औद्योगिक नीति तक की भी जरूरत है।

## विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

– गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

– गीता.

# क्या स्वतंत्र फिलिस्तीन के बिना आयेगी शांति



विजय कपूर

**पश्चिम एशिया का इतिहास बताता है कि शांति व सुनहरे भविष्य के वायदे जो 'नोबेल शांति पुरस्कार' के स्वयंभू दावेदार करते हैं, उनकी सोच पर जल्द ही कबीलाई युद्ध के बादल छाने लगते हैं। अमेरिका के अनेक राष्ट्रपति पश्चिम एशिया में शांति बहाली के नाम पर नोबेल शांति पुरस्कार के 'विजेता' बने लेकिन शांति नहीं आयी।**

हमास ने अंतिम 20 जीवित बंधकों को रिहा कर दिया है और लगभग 2,000 फिलिस्तीनी भी इजराइल की जेलों से आजाद हो गये हैं। आखिरकार दो साल बाद डरावने सपने का अंत हुआ है। लोग अपने घर वापस आये हैं, लेकिन सभी के चेहरों पर मुस्कान नहीं लौटी है। युद्ध का अंत हमेशा ही आशावादी होने का समय होता है। लोग राहत की सांस लेते हैं, खुशी के फव्वारे फूट उठते हैं और एक प्रकार की सामूहिक भूलने की बीमारी पैर पसारने लगती है कि कोई उन खूनी दिनों को याद नहीं करना चाहता है। जब समाज शांत दिनों की तरफ बढ़ने लगते हैं, तो कोई यह याद नहीं करना चाहता कि जंग क्यों शुरू हुई थी और इसके बजाय वह पुनर्निर्माण, योजना में निवेश करने लगते हैं, बेहतर भविष्य के सपने देखते हुए। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में उत्साह के दिन हमेशा ही गिनती के रहते हैं। वर्तमान समझौता इस बात की गारंटी नहीं है कि टकराव फिर से जल्द आरंभ नहीं हो सकता। दरअसल जब तक फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा दिये जाने का विरोध होता रहेगा और यह बेवकूफी की मांग उठती रहेगी कि हमास से हथियार गिरवा दिये जाये व इजराइल को आधुनिक हथियारों से लैस किया जाये, तब तक पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की कल्पना करना ही फिजूल है।

हालांकि 2 नवम्बर 1917 की बालफौर घोषणा में इजराइल राज्य के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं था, केवल यहूदियों को फिलिस्तीन में बसाने की बात थी और वह भी फिलिस्तीनियों की अनुमति के बिना यानी घोषणा पूर्णतः एकतरफा थी। लेकिन आज जब इजराइल को अपने 'अस्तित्व की रक्षा करने के अधिकार' की वकालत की जाती है तो फिलिस्तीन राज्य के गठन का विरोध करना न्यायोचित कैसे हो सकता है? जबकि 1948 में उनकी ही जमीन पर जबरन कब्जा करके इजराइल को थोपा गया। पश्चिम एशिया का इतिहास हमें बताता है कि शांति व सुनहरे भविष्य के वायदे जो 'नोबेल शांति पुरस्कार' के स्वयंभू दावेदार करते हैं, उनकी सोच पर जल्द ही (बल्कि बहुत जल्द) कबीलाई युद्ध के बादल छाने लगते हैं। अमेरिका के अनेक राष्ट्रपति पश्चिम एशिया में शांति बहाली के नाम पर नोबेल शांति पुरस्कार के



'विजेता' बन चुके हैं। लेकिन उनमें से एक ने भी इजराइल को हथियार सप्लाई करना बंद नहीं किया बल्कि दूसरे देशों पर अजीबोगरीब पाबंदियां लगायी हैं। मसलन लेबनान को वायु सेना रखने से वंचित किया हुआ है, नतीजतन इजराइल जब चाहता है लेबनान पर हवाई हमला कर देता है और पश्चिम एशिया में तनाव बना रहता है। अब डोनाल्ड ट्रम्प ने गजा में इजराइल व हमास के बीच दो साल से चल रहे युद्ध पर विराम लगाया है (नोबेल शांति पुरस्कार के लालच में), लेकिन वह भी इस क्षेत्र की खूनी प्रवृत्ति को बदलने में नाकाम रहे हैं। इजराइल संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने 'नये मध्य पूर्व में ऐतिहासिक सुबह' की घोषणा अवश्य की है, लेकिन साथ ही इजराइल को आधुनिक हथियार देने का वायदा भी किया। कमाल है, आप हमास से तो हथियार त्यागने की उम्मीद करते हो (जिससे उसने इंकार कर दिया है) लेकिन इजराइल को हथियार देना चाहते हो, क्या यह कसाई द्वारा जानवर को रस्सी से बांधकर काटने जैसा कृत्य नहीं है? ट्रम्प का शांति फ्रेमवर्क युद्धविराम से अधिक पर निर्भर है। यह अमेरिका, अरब राज्यों और यूरोपीय नेताओं के सहयोग व राजनीतिक इच्छा पर आधारित है। इसमें हमास को हथियारों से वंचित करने की तो इच्छा है, लेकिन बेंजामिन नेतान्याहू को युद्ध अपराधों से मुक्त करने का भी प्रयास है, जैसे निर्दोष बच्चों, महिलाओं व पत्रकारों को ह्य'कोल्ड ब्लड' में मारना कोई जुर्म ही न हो। ट्रम्प ने तो इजराइल के राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वह भ्रष्टाचार के मामलों में नेतान्याहू को माफी प्रदान कर दें। नेतान्याहू पर इजराइल की अदालतों में भ्रष्टाचार के तीन अलग अलग मुकदमे चल रहे हैं, जिनमें उनके खिलाफ अकाट्य साक्ष्य होने का अनुमान है। कुछ इजराइली विशेषज्ञों का कहना है कि अदालत द्वारा सजा से बचने के लिए ही नेतान्याहू ने जंग को इतना लम्बा खींचा और बीच में जो युद्धविराम व शांति समझौते के अनेक अवसर आये उन्हें नाकाम किया। नेतान्याहू पर आरोप हैं कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के बदले में उन्होंने रईसों से 2,60,000 डॉलर मूल्य के जेवरात, सिगार, शैम्पेन आदि लिए। नेतान्याहू को इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने भी नरसंहार का दोषी माना है जिस कारण वह अनेक देशों की यात्रा नहीं कर सकते, क्योंकि उनको गिरफ्तार किया जा सकता है। पिछले दो सालों में एक बात तो एकदम स्पष्ट हो गई है कि जब तक फिलिस्तीन राज्य का गठन नहीं होने का, जिसका इजराइल में अब भी विरोध है, तब तक पश्चिम एशिया में स्थायी शांति संभव न हो सकेगी। इस क्षेत्र में विस्तृत सुरक्षा फ्रेमवर्क की आवश्यकता है, जिसकी सफलता सभी स्टेकहोल्डर्स की गुंजाइश पर निर्भर करती है कि वह एक दूसरे का सम्मान करते हुए साथ रहने के लिए तैयार हो जाएं। इजराइल-हमास को आतंकी कहे और हमास-इजराइल को आतंकी कहे से कोई लाभ नहीं होने जा रहा है। तथ्य यह है कि हमाम में सभी नंगे हैं और अरब, अमेरिका व यूरोप की भूमिकाएं भी पश्चिम एशिया में अच्छी नहीं रही हैं। ईरान ने भी अपने एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस (हिजबुल्ला, हूती आदि) के जरिये स्थिति को बद से बदतर करने की ही कोशिश की है। इस सबमें नुकसान फिलिस्तीनियों का ही हुआ है, उन्हें ही अपनी जान-ओ-माल व जमीन से हाथ धोना पड़ा है। इस बहस में एक तथ्य को हमेशा अनदेखा कर दिया जाता है। अरब मूल के यहूदियों और फिलिस्तीनियों (दोनों मुस्लिम व ईसाई) में कभी आपस में कोई मतभेद व टकराव नहीं रहा है बल्कि उन्होंने हमेशा ही सह-अस्तित्व को प्राथमिकता दी है। लेकिन जियोनिस्ट यहूदी हमेशा ही इस भाईचारे के विरोध में रहे हैं। यहूदी इतिहासकार प्रोफेसर अवि शलैम ने लिखा है, 1948 में इजराइल के बनने से पहले अरब संसार विशेषकर लेबनान, सीरिया, फिलिस्तीन व इराक में लगभग 8,00,000 यहूदी शांतिपूर्वक रहते थे और इराक का यहूदी समाज इनमें सबसे अधिक प्रभावी था, जो वहां 2,500 वर्षों से रह रहा था। वह बहुत सफल था और स्थानीय लोगों के साथ मिल-जुलकर रहता था। मुस्लिम, यहूदी व ईसाई सह-अस्तित्व संभव व मजबूत था, वह रोजमर्रा की हकीकत थी। मगर 1948 में जियोनिस्ट के आने से सब कुछ बदलने लगा। मैं और मेरा परिवार अरब यहूदी थे, हम अरबी बोलते थे। हम कोई अन्य भाषा नहीं बोलते थे। हमारी संस्कृति अरब संस्कृति थी और हमारा फूड स्वादिष्ट व मसालेदार था, वह यूरोपीय फूड नहीं था। हम अरब यहूदी यूरोपीय यहूदियों से भाषा व संस्कृति में एकदम भिन्न थे। मार्च 1950 में इराक की संसद ने कानून बनाया कि अगर कोई अरब यहूदी देश छोड़कर जाना चाहता है तो वह एक साल के नोटिस पर एकतरफा वीजा के साथ जा सकता है। गिनती के यहूदियों ने ही जाने के लिए पंजीकरण कराया। अगले वर्ष बगदाद की यहूदी बस्तियों में पांच बम विस्फोट हुए, जिससे पैनिक फैल गया और इजराइल की ओर पलायन होने लगा। 28-वर्षीय यहूदी वकील युसूफ बसरी इन विस्फोटों के लिए जिम्मेदार था, जो उसने मोसाद के इशारे पर कराये थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पश्चिम एशिया में शांति भंग करने के लिए कितनी गहरी साजिशें होती हैं, इसलिए यह कहना गलत न होगा कि ट्रम्प के शांति प्रयास कभी भी दम तोड़ सकते हैं।

**इजराइल-हमास समझौता**

## सोशल मीडिया



भगवंत मान की सरकार ने एक और ऐतिहासिक काम पंजाब में किया है। पंजाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों व किसानों को आज तक सबसे ज्यादा व सबसे तेज मुआवजा दिया है। अरविंद केजरीवाल.



राष्ट्रपति ट्रंप से बात की और उन्हें ऐतिहासिक गाजा शांति योजना के लिए बधाई दी, साथ ही व्यापार वार्ता में प्रगति की समीक्षा की, निकट संपर्क में रहने को सहमत हुए। पीएम मोदी.



दीवाली से पूर्व प्रदेश के 14.82 लाख कर्मियों को बोनस प्रदान किया जायेगा। पे मैट्रिक्स–8 तक के राज्य कर्मियों को प्रति कर्मी 6908 हजार तक का बोनस प्राप्त होगा। सीएम योगी.

# जीवन अपने भीतर खोजो

## अंतर्दृष्टि

हजारा जीवन ही परमात्मा का अंश है और प्रत्येक जीवन ईश्वर का ही अंश होता है। जीवन क्या है, यही उसका उत्तर है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है, धन में खोजते, पद में खोजते। पद और धन दृश्य हैं। बाहर खोजते। बाहर जो भी है सब दृश्य है: उसमें खोजना जो द्रष्टा है, साक्षी है, तो तुम्हें परम जीवन की स्फुरणा मिलेगी। उसी स्फुरणा में उत्तर है, मैं उत्तर नहीं दे सकूंगा। कोई उत्तर कभी नहीं दिया है। उत्तर है नहीं, मजबूरी है, देना चाहा है बहुतों ने कभी किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया है और जिन्होंने उत्तर सच में देने की चेष्टा की है, उन्होंने सिर्फ इशारे बताए हैं कि तुम अपना उत्तर कैसे खोज लो। उत्तर नहीं दिया, संकेत किए हैं, ऐसे चलो, तो उत्तर मिल जाएगा। उत्तर बाहर नहीं है, उत्तर तुम्हारे भीतर है। उत्तर है इस रूपांतरण में कि मेरी आंखें बाहर न देखें, भीतर देखें। मेरी आखें दृश्य को न देखें, द्रष्टा को देखें। मैं अपने अंतरतम में खड़ा हो जाऊं, जहां कोई तरंग नहीं उठती, वहीं उत्तर है, क्योंकि वहीं जीवन अपनी पूरी विभा में प्रकट होता है। वहीं जीवन के सारे फूल खिलते हैं। वहीं जीवन का नाद है, ओंकार है। जिंदगी, सच है कि झूठ ही लगती अगर अफसाना न होती। वह जो दृश्य का जगत है, एक कहानी है, जो तुमने रची और जो तुमने तुमसे ही कही। एक नाटक है, जिसमें निर्देशक भी तुम, कथा-लेखक भी तुम, अभिनेता भी तुम, मंच भी तुम, मंच पर टंगे पर्दे भी तुम और दर्शक भी तुम। एक सपना है, जो तुम्हारी वासनाओं में उठा और धुएं की तरह जिसने तुम्हें घेर लिया। एक तो जिंदगी यह रही, दुकान की, बाजार की, पत्नी-बेटे की, आकांक्षाओं की। संसार जिसे कहा है। और एक जिंदगी और भी है, वह जो भीतर बैठा देख रहा है। देखता है कि जवान था, अब बूढ़ा हुआ, देखता था कि तमन्नाएं थीं, अब तमन्नाएं न रहीं, देखता था कि बहुत दौड़ा और कहीं न पहुंचा, देखता था, देखता रहा है, सब आया, सब गया, जीवन की धारा बहती रही, बहती रही, लेकिन एक है कुछ भीतर जो नहीं बहता, जो ठहरा है, जो स्थिर है, जो अडिग है, वह साक्षी। एक जीवन वह है। बाहर का जीवन भटकाता, भरमाता है। उत्तर के आश्वासन देगा और उत्तर कभी आएगा नहीं। भीतर का जीवन ही उत्तर है। तुम पूछते हो–जीवन क्या है? तुम्हें जानना होगा। तुम्हें अपने भीतर चलना होगा। मैं कोई उत्तर दूं, वह मेरा उत्तर होगा। शांडिल्य कोई उत्तर दें, वह शांडिल्य का उत्तर होगा। वह उन्होंने जाना, तुम्हारे लिए जानकारी होगी। और जानकारी ज्ञान में बाधा बन जाती है। जानकारी से कभी जानना नहीं निकलता। उधारी से कहीं जीवन निकला है! बजाय तुम बाहर उत्तर खोजो, तुम अपने को भीतर समेटो।

# सत्ता ही जीवन का सत्य है...

## व्यंग्यलोक

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।



पूरन सरमा

# हमेशा स्टूडेंट ही रहना चाहती हैं अनन्या पाण्डेय



## बॉलीवुड

कैलाश सिंह

अनन्या पांडे खुद को कभी गंभीरता से नहीं लेती हैं, हालांकि धीरे-धीरे वह अपने रंग में आती जा रही हैं। हल्के फुल्के कैंपस रोमांस 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से फिल्मों में प्रवेश करने वाली अनन्या पांडे ने सोच समझकर यह निर्णय लिया है कि वह ऐसी भूमिकाएं करेंगी जो उनकी पिछली भूमिकाओं से भिन्न हों। इस पर अमल करने में उनके समक्ष कुछ चुनौतियां भी आयी हैं, लेकिन वह निश्चितरूप से महसूस करती हैं कि 2021 में वह अधिक मजबूत हुई हैं। अब 2022 में वह अधिक व्यस्त होने जा रही हैं। वह चाहती हैं कि वर्ष 2022 उनके लिए विशेष हो। अगर कोविड की स्थिति ठीक रही तो इस साल उनकी दो महत्वपूर्ण फिल्में रिलीज होंगीं- 'गहराइयां' और 'लिगर', साथ ही वह 'खो गये हम कहां' की शूटिंग करेंगी।

फिल्म व्यापार के लिए 2021 कठिन वर्ष था। 2022 भी कोविड की तीसरी लहर से आरंभ हुआ है, जिस वजह से अनेक फिल्मों को रिलीज करना स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में अनन्या पांडे कैसे सोचती हैं कि 2022 उनके लिए विशेष होगा? जवाब में वह बताती हैं, मैं तो अभी से महसूस कर रही हूं कि यह साल मेरे लिए खास है, क्योंकि 2021 में मैंने बहुत कुछ सीखा है और मुझे लोगों का आशीर्वाद व प्यार मिला है। मैं खुद को उर्जा से भरा महसूस कर रही हूं। वर्क फ्रंट पर भी सब कुछ अच्छा ही हो रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान अनन्या पांडे ने व्यक्तिगत स्तर पर अपने बारे में काफी जाना है। उन्होंने संयम, एहसान व आत्म प्रेम की शक्ति को समझा है और अब वह अपने साथ समय व्यतीत करना पसंद करती हैं, जिसे 'मी टाइम' कहते हैं। वह बताती हैं, मुझे लगता है कि हम सबने सीख लिया है कि हमें खुश रहने के लिए ज्यादा नहीं चाहिए और जीवन में छोटी छोटी चीजों से आनंद लेना महत्वपूर्ण है। मैं झूठ नहीं बोलूंगी, मेरे सामने कुछ चुनौतियां आयी थीं, लेकिन उनसे मैं अधिक मजबूत व अधिक परिपक्व होकर निकली हूं। अब वह बाहर निकलकर काम करने व शूटिंग करने के लिए तैयार हैं। उन्हें अपने अंदर व दूसरों में हमदर्दी का भी बोध हुआ है। यह सही है कि काम के एतबार से फिल्मोद्योग के लिए यह कठिन समय है, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि ओटीटी बूम से बहुत हासिल भी किया गया है। नेट पर अनेक शानदार कहानियां व परफॉरमेंस आये हैं, जिससे अनन्या पांडे के अनुसार फिल्मकारों व एक्टर्स के साहस में वृद्धि हुई है और अब वह ऐसी फिल्में बनाने व कहानियां सुनाने के लिए तैयार हैं जिनसे वह पहले बचते या डरते थे। इसलिए एक कलाकार के लिए यह सबसे अच्छा समय है। अनन्या पांडे की जो दो फिल्में आने वाली हैं वह एक दूसरे से बहुत भिन्न हैं। 'गहराइयां' जटिल संबंधों का नाटक और इस फिल्म में अपनी भूमिका निभाते हुए अनन्या पांडे को ऐसा महसूस हुआ जैसे वह जादू कर रही हों। इस फिल्म के सेट पर उन्हें बहुत अच्छे लोग मिले और यह उनके फिल्मिंग अनुभव का सबसे अच्छा दौर रहा। दूसरी ओर 'लिगर' पूर्णतः मसाला फिल्म है, जिसमें एक्शन है, कॉमेडी है। ऐसी ही फिल्मों को देखते हुए अनन्या पांडे जवान हुई हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि यह सपना पूरा होने जैसा है। वह कहती हैं कि इस फिल्म में उनका किरदार दिलचस्प व मनोरंजन से भरा होगा। अब वह इस प्रतीक्षा में हैं कि इन दोनों फिल्मों पर दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया रहेगी। अनन्या पांडे को लगता है कि एक्टिंग बहुत हद तक रीएक्टिंग है। इसलिए अगर सामने मजबूत परफॉर्मर होगा तो प्रतिक्रिया में आपका प्रदर्शन भी दमदार रहेगा। जब आपके इर्दगिर्द अनुभवी लोग काम कर रहे हों तो आपको भी सीखने को बहुत कुछ मिलता है। इसलिए 'गहराइयां' में दीपिका पादुकोण, सिद्धांत चतुर्वेदी, शकुन बत्रा आदि के साथ काम करके अनन्या पांडे को एक व्यक्ति और एक एक्टर के रूप में विकास करने का अवसर मिला है। इस फिल्म में अपने किरदार के लिए अनन्या पांडे ने अपने जीवन से भी कुछ चीजें ली हैं।

शकुन को अनन्या पांडे अपने लिए ड्रीम डायरेक्टर मानती हैं और उनके साथ दोबारा काम करने की इच्छा रखती हैं क्योंकि उनके फिल्मी किरदार जटिल व ग्रे होने के बावजूद वास्तविक प्रतीत होते हैं। इसलिए उन्हें हर चीज सच्ची व स्वाभाविक लगी। अनन्या पांडे का खुशमिजाज स्वभाव है, लेकिन साथ ही अब वह अनुभव के साथ परिपक्व हो रही हैं और अपने रंग में आ रही हैं। वह कहती हैं, मैंने तय किया है कि मैं खुद को गंभीरता से नहीं लूंगी। इससे मुझे संतुलित रहने में मदद मिलती है। जहां तक फिल्मों व किरदारों की बात है तो मैं हमेशा कुछ नया करना चाहती हूं। हर अनुभव से सीखना चाहती हूं।

## आपकी बात

### प्रगति और आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है।

विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**महेन्द्र कुमार यादव, लखनऊ.**

### पेट्रोल भी जीएसटी में लायें

महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। ऐसे में सरकार को महंगाई कम करना चाहिए।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

# ऑपरेशन महादेव में सुरक्षा बलों ने की सटीक कार्रवाई

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों के लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं : अमित शाह

मानेसर (हरियाणा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और लॉन्च पैड्स को तबाह कर दिया गया तथा अब आतंकवादियों के लिए कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है।

आतंकवाद-रोधी ब्लैक कैट कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस पर यहां उसके मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि भारतीय सुरक्षा बल जमीन के अंदर घुसकर हर आतंकवादी कृत्य की सजा देने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में आतंकवादी मुख्यालयों, उनके प्रशिक्षण केंद्रों और लॉन्च पैड्स को नष्ट किया है...ऑपरेशन महादेव में हमारे सुरक्षा बलों ने पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सटीक कार्वाई की। इससे नागरिकों का सुरक्षा बलों पर विश्वास और भी मजबूत हुआ है। भारतीय रक्षा बलों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत मई में पाकिस्तान एवं इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी बुनियादी ढांचे और रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।



पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की नीति अपनाई है। शाह ने कहा कि अगर कोई अनुच्छेद 370 (जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले) के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमले और ऑपरेशन सिंदूर तक आतंकवादियों के खिलाफ सरकार के अभियान का ध्यानपूर्वक विश्लेषण करे तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों और आतंकी समूहों की जड़ों पर प्रहार किया है। आतंकवादी चाहे कहीं भी छिपे हों, हमारे सुरक्षा बलों ने साबित कर दिया है कि अब आतंकवादियों के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। हमारे सैनिक धरती की गहराइयों में जाकर हर आतंकवादी कृत्य का दंड देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 2019 से केंद्र सरकार ने देश को आतंकी खतरों से बचाने के लिए कई कदम उठाए हैं। शाह ने कहा कि इनमें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम में संशोधन शामिल हैं। इसके अलावा आतंकवादी समूहों के वित्तपोषण की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों को सक्रियता से आगे बढ़ाना भी शामिल है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने आतंकवाद के वित्तपोषण की वैज्ञानिक जांच के लिए भी एक प्रणाली स्थापित की है, आतंकवादी समूह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगाया है और देशभर में आतंकवादी समूहों पर खुफिया जानकारी एकत्र करने एवं साझा करने के लिए बहु-एजेंसी केंद्र को मजबूत किया है। पहली बार हमने नये आपराधिक कानूनों में आतंकवाद को परिभाषित किया है और अदालतों में पहले पाई गई कमियों को पूरा किया है। अब तक, हमने 57 से ज़्यादा व्यक्तियों और कई संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है।

# लोक गायिका मैथिली ठाकुर भारतीय जनता पार्टी में शामिल



पटना। प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।

पटना में भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भरत बिंद भी भाजपा में शामिल हुए। जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी महागठबंधन के कई अन्य नेता भी भाजपा में शामिल होंगे। मिथिला क्षेत्र की लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर के सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। क्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि को देखते हुए पार्टी उन्हें प्रचार अभियान का चेहरा भी बना सकती है। हाल में ठाकुर की तस्वीर भाजपा के चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के साथ सामने आई थी, जिसके बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं तेज हो गई थीं।

## संक्षेप

### रूस ने किया यूक्रेनी अस्पताल पर हमला

कीव। रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रातभर शक्तिशाली ग्लाइड बम और ड्रोन से हमला किया, जिसमें एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। इसमें सात लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वाशिंगटन जाने तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक अमेरिकी सैन्य मदद मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में खारकीव पर हुए हमले में शहर का मुख्य अस्पताल प्रभावित हुआ, जिससे 50 मरीजों को बाहर निकालना पड़ा। वहीं, जेलेंस्की ने कहा कि हमले का मुख्य लक्ष्य ऊर्जा प्रतिष्ठान थे। हालांकि, उन्होंने हमलों का ब्योरा नहीं दिया। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, हर दिन, हर रात, रूस बिजली संयंत्रों, बिजली लाइनों और हमारी (प्राकृतिक) गैस सुविधाओं पर हमला करता है। यूक्रेनी नेता ने विभिन्न देशों से आग्रह किया कि वे रूस के लंबी दूरी के हमलों को रोकने में मदद करें और इसके लिए वे यूक्रेन को अधिक वायु रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराएं। हम अमेरिका और यूरोप, जी-7 तथा उन सभी साझेदारों की कार्वाई पर भरोसा कर रहे हैं, जिनके पास ये प्रणालियाँ हैं और जो हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए इन्हें उपलब्ध करा सकते हैं।

# फ्रांस में राजनीतिक संकट जारी

पेरिस। फ्रांस के नवनियुक्त प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु को अपनी सरकार के संकट में फंसने के कारण इस सप्ताह के अंत में अविश्वास प्रस्ताव से बचने के लिए अपने राजनीतिक विरोधियों को रियायतें देनी होंगी, क्योंकि देश लंबे समय से जारी राजनीतिक संकट को समाप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

प्रधानमंत्री लेकोर्नु ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ 2026 के बजट के मसौदे पर चर्चा की, जिस पर सांसद अगले 70 दिन में विचार-विमर्श करेंगे। लेकोर्नु आज दिन में बाद में नेशनल असेंबली में एक नीतिगत भाषण देंगे, जिसमें नई सरकार की प्राथमिकताओं का ज़िक्र होगा। धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की पार्टी नेशनल रैली और धुर वामपंथी दल फ्रांस अनबोड ने लेकोर्नु के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करने में कोई देरी नहीं की, जिस पर बृहस्पतिवार को चर्चा होगी। राजनीति के दोनों धरों ने फ्रांस के पूर्व रक्षा मंत्री एवं बमुश्किल एक साल में चौथे प्रधानमंत्री लेकोर्नु को फिर से नियुक्त करने के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के फैसले की कड़ी आलोचना की है। अगले राष्ट्रपति चुनाव में दो साल से भी कम समय बचा है, ऐसे में नेशनल रैली मैक्रों से एक और संसदीय चुनाव जल्द कराने का आग्रह कर रही है, जबकि फ्रांस अनबोड पार्टी मैक्रों से पद छोड़ने की मांग कर रही है।

# भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं: प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या को देश पर एक धब्बा करार देते हुए मंगलवार को कहा कि यह घटना इस बात का सबूत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में न तो दलित सुरक्षित हैं और न ही उनके लिए न्याय है।

कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि कुमार ने जाति-आधारित उत्पीड़न के कारण आत्महत्या की। कांग्रेस नेता ने कहा, उनका परिवार न्याय की तलाश में भटक रहा है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में कहा, यह पूरी घटना इस बात का प्रमाण है कि



भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचने के बाद भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए कोई न्याय है। ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज पर कलंक हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी ने चंडीगढ़ में वाई. पूरण कुमार के परिवार से मुलाकात की, उनका दुख साझा किया और इस मामले में सख्त कार्वाई की मांग की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुमार के परिवार से मुलाकात की और कहा कि कुमार की मौत किसी एक परिवार के सम्मान का सवाल नहीं, बल्कि सभी दलितों के सम्मान का सवाल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी इस मामले में तुरंत कार्वाई करने का आग्रह किया।

परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कुमार का मनोबल गिराने और उनके करियर को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके साथ सुनियोजित भेदभाव किया जा रहा था।

# राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद सुधरी मणिपुर की कानून-व्यवस्था

इंफाल। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है।

वह दिल्ली से लौटने के बाद इंफाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। सिंह 25 विधायकों के साथ दिल्ली में एक सप्ताह से अधिक समय से डेरा डाले हुए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य में सरकार गठन के बारे में कोई निर्णय लिया गया, सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय पार्टी है, इसलिए ऐसे निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर लिए जाएंगे। दिल्ली जाने से पहले सिंह ने कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के लिए समय लेने जा रहे हैं, ताकि उन्हें राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों के अलावा सरकार के गठन के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी को याद रखना चाहिए कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है, क्षेत्रीय पार्टी नहीं। यहां फैसले नहीं लिए जा सकते। हमें उच्च स्तर पर जाना होगा और फैसले राष्ट्रीय स्तर पर लिए जाएंगे। हमारे जो भी मुद्दे हैं, चाहे वह आईडीपी के हों, राजमार्ग के संबंध में हों या फिर लोकप्रिय सरकार का मुद्दा हो, हम केंद्रीय नेतृत्व के सामने लोगों की राय रख रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है और मणिपुर भारत में है। किसी भी चीज़ के लिए हमें केंद्र से संपर्क करना होगा। सिंह ने कहा कि



राष्ट्रपति शासन तब लगाया जाता है, जब कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है, और मणिपुर में ऐसी स्थिति 11 बार देखी जा चुकी है तथा कुछ मामलों में तो बहुमत वाली सरकार के रहते भी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र को मौजूदा स्थिति के बारे में मणिपुर के लोगों के विचारों से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र को फैसला लेना है। सभी समुदायों के प्रतिनिधि केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी बातचीत कर रहे हैं। राज्य में निश्चित रूप से लोकप्रिय सरकार बननी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एक पार्टी पहले लगातार कहती थी कि सरकार को हटाया जाना चाहिए। अब वे विधानसभा भंग करने की मांग कर रहे हैं। हम वह नहीं करने जा रहे।

# दुर्गापुर गैंगरेप : 5 आरोपियों को मौके पर ले गयी पुलिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार के सिलसिले में घटना के तार जोड़ने के लिए गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों और पीड़िता के दोस्त को मंगलवार को अपराध स्थल पर ले गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों को परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में स्थित अपराध स्थल पर ले जाया गया और उनसे शुक्रवार रात को वहां हुए कथित अपराध के समय अपनी-अपनी भूमिकाओं का नाट्य रूपांतरण करने को कहा गया।

जांच दल में शामिल पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी और पीड़िता का दोस्त शुक्रवार रात उसके साथ थे। उन्हें अपराध का नाट्य रूपांतरण करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया। पूरे नाट्य रूपांतरण की वीडियोग्राफी की जाएगी और फिर उनके बयानों से मिलान किया जाएगा। हम पीड़िता के बयान से भी इसकी पुष्टि करेंगे। उन्होंने बताया कि अपराध के नाट्य रूपांतरण के लिए आने से पहले जांच अधिकारियों ने पीड़िता के दोस्त से लगभग एक घंटे तक पूछताछ की। इस बीच उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच



आरोपियों में से दो को मंगलवार सुबह उनके आवासों पर ले जाया गया, ताकि मुख्य रूप से अपराध से जुड़े उन सबूतों का पता लगाया जा सके जिन्हें उन्होंने छिपाया हो। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों के घरों से कुछ कपड़े जब्त किए जो कथित तौर पर उन्होंने अपराध के दौरान पहने थे। उन्होंने बताया कि इससे पहले जांच के तहत तीन अन्य गिरफ्तार आरोपियों के कपड़े भी जब्त किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि इन कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के नतीजे हमारी जांच में मददगार होंगे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों की पृष्ठभूमि की भी जांच की गई ताकि पता लगाया जा सके कि क्या वे पहले किसी अपराध में शामिल थे या नहीं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों के पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन भी जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस अपनी जांच के तहत पीड़िता के साथी छात्रों से भी पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि बाद में गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए ले जाया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में से एक निजी कॉलेज का पूर्व सुरक्षा गार्ड है, जबकि दूसरा इस समय दूसरे अस्पताल में कार्यरत है। एक आरोपी स्थानीय नगर निकाय में अस्थायी कर्मचारी है जबकि दूसरा बेरोजगार है। ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा से शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर कुछ लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। घटना के वक्त पीड़िता अपने एक मित्र के साथ रात का खाना खाने गई थी।

## इंटरटेनमेंट...

# कुछ तो अच्छा किया जिससे दिल जीत पाया

नयी दिल्ली। करण जौहर ने मंगलवार को कहा कि 2023 में रिलीज हुई उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय संपूर्ण मनोरंजक फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने पर वह दिल से बहुत आभारी हैं और इसे लेकर उनके दिल में बहुत उत्साह और जोश है।

कुछ कुछ होता है कल हो ना हो, माई नेम इज खान जैसी हिट फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक, राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करने के लिए दिल्ली में हैं। उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार के रेड कार्पेट पर दूरदर्शन को बताया यह मेरा लगातार तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है। 2021 में हमें यह शेरशाह के लिए मिला था और 2022 में हमें ब्रह्मास्त्र के लिए सर्वश्रेष्ठ वीएफएक्स और इस साल का सबसे संपूर्ण और लोकप्रिय मनोरंजन (पुरस्कार) मिला है। इस



समय मैं बहुत जोश में हूं। इसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत रॉकी और

❍ राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर करण जौहर ने कहा

रानी की प्रेम कहानी से 2016 में आई ऐ दिल है मुश्किल के बाद जौहर ने निर्देशन में वापसी की है।

यह जौहर का लगातार तीसरा और कुल चौथा राष्ट्रीय पुरस्कार है। यह जौहर के लिए एक चक्र के पूरा होने जैसा है कि क्योंकि उन्हें अपनी पहली निर्देशित फिल्म कुछ कुछ होता है के लिए इसी श्रेणी में नामांकित किया गया था।

फिल्म निर्माता ने कहा जब भी हमें राष्ट्रीय पुरस्कार मिलता है, मुझे लगता है कि मैंने जूरी और दर्शकों का दिल जीतने और इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कुछ तो सही किया है। जूरी के प्रति बहुत बहुत सम्मान और आभार। मैं उत्साहित हूं, हमें जिस श्रेणी में पुरस्कार मिल रहा है उसमें तीन शब्द हैं, संपूर्ण, लोकप्रिय और मनोरंजक, तो एक निर्देशक को और क्या चाहिए? यह और भी खास है क्योंकि मेरा पहला राष्ट्रीय पुरस्कार इसी श्रेणी में कुछ कुछ होता है (पहली फिल्म) के लिए मिला था। इसलिए 27 साल बाद उसी श्रेणी में आना मेरे लिए एक भावुक क्षण है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर बोली रानी मुखर्जी

नयी दिल्ली। अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बुधवार को कहा कि 30 साल के करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतना एक भावुक क्षण है और उन्होंने यह सम्मान अपने दिवंगत पिता राम मुखर्जी को समर्पित किया। मंगलवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति

❍ यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है

द्रौपदी मुर्मू ने रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किया। आशिमा चिब्बर द्वारा निर्देशित यह फिल्म मार्च 2023 में रिलीज होगी। रानी (47) ने कहा एक अभिनेत्री के रूप में अपने 30 साल के सफर में



पहला राष्ट्रीय पुरस्कार पाकर मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है, और मैं इसे अपने दिवंगत पिता को समर्पित करना चाहती हूं, जिन्होंने हमेशा मेरे लिए यह सपना देखा था। अभिनेत्री ने एक बयान में कहा, आज मुझे उनकी बहुत याद आ रही है और मैं जानती हूं कि यह उनका आशीर्वाद और मेरी मां की निरंतर शक्ति और प्रेरणा है।

### सोनू सूद सट्टेबाजी ऐप में ईडी के समक्ष पेश

नयी दिल्ली। अभिनेता सोनू सूद बुधवार को एक्सबेट नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूद (52) दोपहर लगभग 12 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मामले के जांच अधिकारी अभिनेता सूद से पूछताछ करेंगे और धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेंगे। संघीय जांच एजेंसी ने इस जांच के तहत पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह के अलावा तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती और बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा से पूछताछ की है।

# मोहनलाल के साथ पूथोट्टा में शुरू हुई दृश्यम-3 की शूटिंग

कोच्चि। दिग्गज अभिनेता मोहनलाल अभिनीत दृश्यम फिल्म शृंखला की अगली कड़ी दृश्यम-3 की शूटिंग सोमवार से पूथोट्टा के एसएन लॉ कॉलेज में शुरू हुई। मोहनलाल का नाम हाल में दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। शूटिंग के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना की गई। निर्देशक जीतू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुम्बवूर भी मोहनलाल के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पत्रकारों से बात करते हुए, मोहनलाल ने भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान के लिए चुने जाने पर अपनी खुशी जाहिर की। दृश्यम शृंखला के नए भाग में जॉर्जकुट्टी की अपनी भूमिका के बारे में उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि जॉर्जकुट्टी कुछ परेशानियां खड़ी करेगा




लेकिन मुझे ज्यादा कुछ बताने के लिए मना किया गया है। सस्पेंस ही दृश्यम-3 का रोमांच और आकर्षण है।

मोहनलाल ने कहा कि फिल्म शूटिंग उद्घाटन समारोह के बाद वह दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। दृश्यम-1 (2013) और दृश्यम-2 (2021) पूरे देश में हिट रहीं और इनका पुनर्निर्माण (रीमेक) हिंदी, सिंहला, मंदारिन और कोरियाई सहित कई भाषाओं में किया जा चुका है। निर्देशक जीतू जोसेफ ने कहा कि दर्शकों को ज्यादा उम्मीदें नहीं बल्कि जिज्ञासा लेकर आना चाहिए। यह फिल्म कोई थ्रिलर नहीं बल्कि एक पारिवारिक ड्रामा है, जो पिछले चार साल में जॉर्जकुट्टी के परिवार में आए बदलावों पर केंद्रित है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 । ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com